RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच






वर्ष : 27 अंक : 273 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 21 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


## आज शाम राष्ट्र के नाम पीएम मोदी का संबोधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन शाम पांच बजे होगा। प्रधानमंत्री के संबोधन के विषय के बारे में मीडिया रिपोर्ट में कयास लगाया जा रहा है कि वे जीएसटी के रिफॉर्म पर बात कर सकते हैं। बता दें कि, देश में कल से जीएसटी 2.0 की नई दरें लागू होंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की थी कि जीएसटी सुधार दिवाली तक लागू कर दिए जाएंगे।

हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के विषय पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उनका यह संबोधन नवरात्रि की पूर्व संध्या पर होगा, जिस दिन से जीएसटी दरों में कटौती लागू होगी और बड़ी संख्या में उत्पादों की कीमतों में कमी आने की संभावना है। बता दें कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अपने संबोधन के दौरान जीएसटी रिफॉर्म की बात कही थी। जिसके बाद जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी की दो दरें (12 और 28 फीसदी) को हटाने का फैसला किया गया।

जीएसटी दरों में बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने कहा था- अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान मैंने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने के हमारे इरादे के बारे में बात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाना है, जिससे आम लोगों का जीवन आसान हो और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बने। प्रधानमंत्री ने बताया कि इन सुधारों से किसान, एमएसएमई सेक्टर, मध्यम वर्ग, महिलाएं और युवा सभी लाभान्वित होंगे। छोटे व्यापारियों और कारोबारियों के लिए व्यापार करना आसान होगा।

## मुख्यमंत्री ने 'नमो मैराथन' को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में रविवार को 'नमो मैराथन' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने पांच कालीदास मार्ग से दौड़ का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ का समापन 1090 चौराहे पर हुआ।

बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। इसी के तहत यूपी के 16 महानगरों में 'नमो मैराथन' आयोजित की गई। युवाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को सफल और उत्साहपूर्ण बना दिया।



### स्वास्थ्य और युवा सशक्तिकरण पर जोर : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि अगर महिलाएं स्वस्थ होंगी, तो युवा भी स्वस्थ होंगे। इसी दृष्टि से इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि देशभर के युवा स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

सीएम ने युवाओं को नशे के दुरुपयोग से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आज युवा नमो युवा दौड़ में भाग ले रहे हैं। जब वे स्वास्थ्य और खेल कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, तो देश आगे बढ़ता है। लेकिन यदि वे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, तो यह विनाश का कारण बनता है।

### स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता

मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र और गांव के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने खेलों और योग को स्वस्थ जीवनशैली के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने 21 जून को विश्व योग दिवस और खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की भी सराहना की।

सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की भागीदारी और सक्रियता देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विरासत, सशस्त्र बलों का सम्मान और नागरिक कर्तव्यों की ईमानदारी से पालन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## पति ने पत्नी को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर फतेहपुर गांव में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के पीछे की वजह पत्नी पर अवैध संबंध का शक बताया जा रहा है। चाकू से गोदकर महिला की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सोनू शर्मा, मूलरूप से बुलंदशहर जिले के वीरखेड़ा गांव का निवासी है। वह अपनी 28 वर्षीय पत्नी चंचल शर्मा के साथ रामपुर फतेहपुर गांव में किराये पर रह रहा था। सोनू को लंबे समय से शक था कि उसकी पत्नी का किसी अन्य युवक के साथ अवैध संबंध है। इसी शक को लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़े भी हो चुके थे।

आज सुबह अचानक गुस्से में आए सोनू ने चाकू उठाकर पत्नी चंचल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल चंचल की मौके पर ही मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति सोनू को दबोच लिया। महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दे दी है।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आपसी कलह और शक ने एक परिवार को उजाड़ दिया। वहीं, पुलिस का कहना है कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।

## आबकारी मंत्री ने व्यापारियों को किया संबोधित

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** आई.एम.एस डिग्री कॉलेज में आज 22 तारीख से जीएसटी में होने वाली संभावित विसंगतियों को लेकर व्यापारियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने हेतु एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यापारियों को संबोधित किया।

बैठक में नोएडा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और मेरठ के व्यापारी वर्ग ने भाग लिया। मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी द्वारा व्यापारी वर्ग को जीएसटी में संभावित विसंगतियों के कारण परेशान नहीं किया जाएगा।



इस बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश मंत्री अंकुर जैन, गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, जिला महामंत्री जगमोहन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश मित्तल, संदीप अग्रवाल, अजय गुप्ता, महानगर कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तुषार गोयल, चंचल सिंह, मुकेश गुप्ता, अनुज गुप्ता, बलराज गोयल, प्रदीप अग्रवाल, सुशील सिंघल, भूपेंद्र मित्तल आदि शामिल थे।

## 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' में हर जिले की पहचान अपने उत्पादों के जरिए बनेगी जीवंत

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2025 इस बार प्रदेश के समस्त जिलों की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान को प्रदर्शित करेगा। प्रदर्शनी में कुल 343 स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जो न केवल प्रदेश के विविध उत्पादों को बल्कि हर जिले की अनूठी कहानी को भी बयां करेंगे। इस वर्ष ओडीओपी पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह एक ग्लोबल मार्केटप्लेस का अनुभव देगा। यहां परंपरा और आधुनिकता का मेल दिखेगा और स्टार्टअप्स, डिजाइनर्स और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को साझा मंच मिलेगा। प्रदर्शनी में परंपरागत शिल्प को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़कर नए व्यापारिक अवसरों को तलाशने की कोशिश की जाएगी।




### स्टॉल्स में दिखाई देंगे जिले और उनके उत्पाद

प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों के विशेष उत्पाद स्टॉल्स का प्रमुख आकर्षण होंगे। इनमें प्रमुख हैं-

- फिरोजाबाद- ग्लास आर्ट
- हाथरस- हींग
- हापुड़- हैंडलूम बेडशीट और टेक्सटाइल फर्निशिंग
- गौतमबुद्धनगर- टेक्सटाइल और ज्वेलरी
- मुरादाबाद- मेटल फर्नीचर
- बरेली- जरी-जरदोज़ी
- आगरा- लेदर एक्सेसरीज
- मेरठ- स्पोर्ट्स प्रोडक्ट्स और मसाले
- कन्नौज- इत्र
- कानपुर देहात- पीई पाइप्स
- वाराणसी- सिल्क और बनारसी साड़ी
- बाराबंकी- हैंडलूम
- कानपुर- लेदर उत्पाद
- चित्रकूट- लकड़ी के खिलौने

*इस प्रदर्शनी का उद्देश्य न केवल प्रदेश के शिल्प और उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है, बल्कि स्थानीय उद्योग और स्टार्टअप्स को भी अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ना है।*

## ऑनलाइन ऑर्डर किए मशरूम चावल में निकला नॉनवेज, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-2 इलाके में रहने वाले एक युवक को ऑनलाइन फूड ऑर्डर में शाकाहारी चावल के बजाए मांसाहारी चावल परोस दिया गया। युवक का कहना है कि उसने ऑनलाइन डिलीवरी फूड एप के माध्यम से शाकाहारी मशरूम चावल मंगाए थी। लेकिन जब उसे चिकन चावल भेज दिया गया। जब पैकेट चेक किया तो उसमें नॉनवेज की बात लिखी थी।



युवक ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उसने बताया कि वह शाकाहारी है। इस घटना ने उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। युवक ने संबंधित रेस्टोरेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले में कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर इस घटना के बाद लोग मांग कर रहे हैं।

## नोएडा में शोहरतगढ़ विधायक का हुआ भव्य स्वागत



**नोएडा (चेतना मंच)।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनय वर्मा का कुलदीप अवाना, जिला महामंत्री ग्रामीण मोर्चा, ने सेक्टर-104 स्थित अपने कार्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक विनय वर्मा और हरीश वर्मा जी का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। जिला महामंत्री कुलदीप अवाना ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखना संगठन की मजबूती का प्रतीक है।

इस अवसर पर डॉ. प्रसनजीत मैत्रा, सोनू राणा, सत्यनारायण महावर, लाल सिंह, गौरव अवाना, आशुतोष अवाना, दीपक अवाना समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फोम के गोदाम में आग लगाने का आरोप

**लोनी (चेतना मंच)।** शरद सिटी कॉलोनी में फोम के गद्दे के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने से कीमती सामान और गद्दे जल कर राख हो गए। गोदाम मालिक ने कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। आग लगने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। धर्मेंद्र निवासी आकाश विहार कॉलोनी ने बताया कि उनका शरद सिटी कॉलोनी में फोम का गोदाम है। आरोप लगाया कि शास्त्री पार्क निवासी रियाजु उनके गोदाम पर पहुंचा। यहां उसने किरायेदारों के साथ मारपीट कर गोदाम का ताला तोड़ कर वहां रखी फोम में आग लगा दी। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



## हैप्पी ट्रेल्स सोसायटी में अनोखी पहल
## अब नहीं भटकेंगे आवारा कुत्ते

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एटीएस हैप्पी ट्रेल्स सोसायटी ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर एक मिसाल पेश की है। सोसायटी में भटक रहे पाँच कुत्तों को अब कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गोद ले लिया गया है। इसके बाद उनकी देखभाल, इलाज और हर ज़रूरत की ज़िम्मेदारी अब गोद लेने वालों की होगी। इस पूरी प्रक्रिया के लिए बाकायदा कानूनी दस्तावेज तैयार किए गए हैं।

पिछले दो सालों में सोसायटी के अंदर पाँच आवारा कुत्ते आ गए थे, जिनके कारण बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ गया था। कई बार काटने की घटनाएँ भी सामने आईं और माहौल असुरक्षित होता जा रहा था।

ऐसे में सोसायटी के निवासियों और पशु-प्रेमियों ने मिलकर समाधान निकाला। पारुल यादव और सचिन गुप्ता ने इन कुत्तों की देखभाल और स्वास्थ्य पर लगातार ध्यान दिया। ऋचा, रश्मि और स्मृति ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए टीकाकरण कराया। वहीं एचएसए एनजीओ से जुड़े संजय ने पूरी कानूनी प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए दस्तावेज तैयार कराए।



संदीप सोनकर ने आगे आकर गोद लेने वालों की व्यवस्था की और समय रहते पूरी प्रक्रिया पूरी की। अब सोसायटी आवारा कुत्तों की समस्या से पूरी तरह मुक्त हो चुकी है।

निवासियों का मानना है कि यह पहल न केवल हैप्पी ट्रेल्स सोसायटी बल्कि अन्य सोसायटियों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हो सकती है, क्योंकि शहरी इलाकों में आवारा कुत्तों को लेकर विवाद लगातार गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है।

# साझा सेना

बीते दिनों मिस्र ने प्रस्ताव दिया था कि अरब लीग के 22 देशों की संयुक्त सेना, नाटो की तर्ज पर, बनाई जाए। उसमें पाकिस्तान को शामिल नहीं किया गया था। यह विचार भी कतर पर इजरायल के हमले के मद्देनजर सामने आया था। यदि अरब लीग की साझा सेना औपचारिक तौर पर आकार ग्रहण करती है, तो इजरायल के खिलाफ 37.78 लाख सैनिकों की साझा सेना लड़ेगी। उनका आखिरी फैसला या करार तो फिलहाल विचाराधीन है, लेकिन सऊदी अरब और पाकिस्तान ने नाटो जैसा करार कर लिया है। करार पर पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी युवराज (प्रधानमंत्री) मुहम्मद बिन सलमान ने दस्तखत किए। पाकिस्तान के सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी करार के दौरान मौजूद थे। नाटो जैसा करार इसलिए कहा जा रहा है कि यदि कोई एक देश पर हमला करता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा और सऊदी-पाक की सेनाएं मिल कर उस हमले का जवाब देंगी। विशेषज्ञ इस करार को 'औपचारिक संधि' नहीं मानते, लेकिन भारत समेत क्षेत्रीय देशों ने इस करार को गंभीरता से लिया है। हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक-'सरकार को इसकी पहले से ही जानकारी थी। यह लंबे वक्त से होने वाला था। यह समझौता दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद संबंधों को औपचारिक रूप देता है। इससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर क्या असर पड़ेगा, उसका आकलन किया जाएगा। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।' बहरहाल करार में पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को भी शामिल किया गया है। अफगानिस्तान और इराक में अमरीकी राजदूत रहे जलमय खलीलजाद का मानना है कि यह सऊदी-पाक के दरमियान एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी का करार है। इसमें कुछ 'सीक्रेट क्लॉज' भी हो सकते हैं, जिनका खुलासा होना शेष है। दरअसल सऊदी अरब ही नहीं, अधिकतर खाड़ी देश अब अमरीका की सुरक्षा गारंटी पर ही आश्रित नहीं रहना चाहते। इसी गारंटी के बल पर ही वे इजरायल के हमलों को रोक नहीं सकते। वैसे अमरीका और इजरायल दोनों आपस में मित्र-देश हैं। हमलों के पीछे उनकी साझा रणनीति होती है। पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं। चीन के सहयोग से वह ऐसे मिसाइल सिस्टम विकसित करने में जुटा है, जो पूरे मध्य-पूर्व और इजरायल तक मार कर सकेंगे। सवाल भारत के लिए बेहद अहम है कि क्या सऊदी अरब, आतंकवाद के मद्देनजर छिड़ी जंग के दौरान, भारत के खिलाफ युद्ध लड़ेगा? सऊदी भारत का अहम मित्र-देश है। वहां की 3.5 करोड़ की आबादी में करीब 26.50 लाख भारतीय भी हैं, जो उसकी अर्थव्यवस्था को गति और पुख्ता आधार देने में सक्रिय हैं। सऊदी हमारा चौथा सबसे बड़ा व्यापार-साझेदार है। 2016 में सऊदी हुकूमत ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को उनके 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से नवाजा था। क्या फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान के लिए, भारत के खिलाफ युद्ध में उतर सकता है? गौरतलब यह भी है कि सबसे अधिक हथियार आयात करने वाले देशों में भारत दूसरे और सऊदी अरब चौथे स्थान के देश हैं। सऊदी विश्व की 18वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि इस संदर्भ में पाकिस्तान का स्थान 43वां है। दुनिया जानती है कि भारत सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश है। पाकिस्तान तो सऊदी का कर्जदार देश है। पाकिस्तान पर जितना विदेशी कर्ज है, उसमें 7 फीसदी से ज्यादा कर्ज सऊदी का है। क्या यह करार उन अफवाहों की पुष्टि भी करता है कि सऊदी पाक के परमाणु हथियार कार्यक्रम का 'अघोषित सहयोगी' है? बहरहाल भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल का मानना है कि सऊदी अरब इस करार से पश्चिम एशिया के सैन्य समीकरणों को बिगाड़ रहा है। सऊदी अपनी सुरक्षा को पाक को आउटसोर्स कर आग से खेलने का काम कर रहा है। इससे पाकपरस्त आतंकियों को भारत के खिलाफ सिर उठाने और सक्रिय होने का मौका मिलेगा। भारत के लिए यह सतर्कता बरतने का वक्त है। गंभीर सवाल है कि यदि भारत 'ऑपरेशन सिंदूर' छेड़ता है, तो सऊदी अरब क्या स्टैंड लेने वाला है? गेंद पूरी तरह अब सऊदी अरब के पाले में है। सऊदी अरब को यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान हमेशा से ही भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहन देता रहा है। पाकिस्तान में आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्र मौजूद रहे हैं, जिनका खुलासा कई बार हो चुका है।

# रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि जब पुरवासियों ने यह समाचार पाया कि दोनों राजकुमार नगर देखने के लिए आए हैं, तब वे सब घर-बार और सब काम-काज छोड़कर ऐसे दौड़े मानो दरिद्री (धन का) खजाना लूटने दौड़े हों॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**निरखि सहज सुंदर दोउ भाई। होहिं सुखी लोचन फल पाई॥**
**जुबतीं भवन झरोखन्हि लागीं। निरखहिं राम रूप अनुरागीं॥**

स्वभाव ही से सुंदर दोनों भाइयों को देखकर वे लोग नेत्रों का फल पाकर सुखी हो रहे हैं। युवती स्त्रियाँ घर के झरोखों से लगी हुई प्रेम सहित श्री रामचन्द्रजी के रूप को देख रही हैं॥

**कहहिं परसपर बचन सप्रीती। सखि इन्ह कोटि काम छबि जीती॥**
**सुर नर असुर नाग मुनि माहीं। सोभा असि कहुँ सुनिअति नाहीं॥**

वे आपस में बड़े प्रेम से बातें कर रही हैं- हे सखी! इन्होंने करोड़ों कामदेवों की छबि को जीत लिया है। देवता, मनुष्य, असुर, नाग और मुनियों में ऐसी शोभा तो कहीं सुनने में भी नहीं आती॥

**बिष्नु चारि भुज बिधि मुख चारी। बिकट बेष मुख पंच पुरारी॥**
**अपर देउ अस कोउ ना आही। यह छबि सखी पटतरिअ जाही॥**

भगवान विष्णु के चार भुजाएँ हैं, ब्रह्माजी के चार मुख हैं, शिवजी का विकट (भयानक) वेष है और उनके पाँच मुँह हैं। हे सखी! दूसरा देवता भी कोई ऐसा नहीं है, जिसके साथ इस छबि की उपमा दी जाए॥

(क्रमशः...)

# चुनौती नहीं अवसर है ट्रंप की वीजा नीति !

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीज़ा को लेकर जो नया कदम उठाया है, वह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह की दिशा बदलने वाला निर्णय सिद्ध हो सकता है। इस नीति के अंतर्गत हर वर्ष एच-1बी वीज़ा के लिए कंपनियों को एक लाख डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) शुल्क देना होगा। यह राशि वर्तमान ढांचे की तुलना में कई गुना अधिक है और सीधे-सीधे उन कंपनियों पर बोझ डालेगी जो भारतीय और चीनी पेशेवरों पर निर्भर हैं।

दरअसल, ट्रंप प्रशासन का दावा है कि अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। उनके अनुसार, जब अमेरिकी विश्वविद्यालय हर साल लाखों ग्रेजुएट पैदा कर रहे हैं तो कंपनियों को चाहिए कि वे उन्हीं को प्रशिक्षित करें और काम दें। यह कदम उनके 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे का हिस्सा है। इसके साथ ही, 'प्रोजेक्ट फ़ायरवॉल' नामक नई पहल भी शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य कंपनियों द्वारा वीज़ा दुरुपयोग पर रोक लगाना है। ट्रंप का कहना है कि अब तक एच-1बी वीज़ा का इस्तेमाल कंपनियां वेतन दबाने और अमेरिकी युवाओं की नौकरियां छीनने के लिए करती रही हैं। नई व्यवस्था में कंपनियों को भारी-भरकम शुल्क चुकाना होगा, जिससे वे विवश होकर स्थानीय कर्मचारियों को प्राथमिकता देंगी।

हम आपको बता दें कि अमेरिका की अधिकांश टेक कंपनियां— जिनमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, मेटा और जेपी मॉर्गन जैसी दिग्गज शामिल हैं, वह भारतीय प्रतिभाओं पर काफी हद तक निर्भर हैं। केवल 2025 की पहली छमाही में ही अमेज़न और उसकी क्लाउड इकाई AWS ने 12,000 से अधिक एच-1बी वीज़ा मंज़ूर करवाए। देखा जाये तो भारत अकेले लगभग 71% एच-1बी वीज़ा का लाभार्थी है। टेक कंपनियों का तर्क है कि अमेरिकी विश्वविद्यालय इतनी मात्रा में कुशल इंजीनियर और प्रोग्रामर तैयार नहीं कर पा रहे जो उनकी ज़रूरत पूरी कर सकें। इस स्थिति में भारतीय और अन्य एशियाई देशों के पेशेवर ही उनकी रीढ़ बने हुए हैं। अब ट्रंप के नये फैसले के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि शुल्क बढ़ाने से अमेरिका अपनी नवाचार क्षमता खो सकता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), सेमीकंडक्टर और एडवांस टेक्नोलॉजी की होड़ में चीन से पिछड़ सकता है।



***दरअसल, ट्रंप प्रशासन का दावा है कि अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। उनके अनुसार, जब अमेरिकी विश्वविद्यालय हर साल लाखों ग्रेजुएट पैदा कर रहे हैं तो कंपनियों को चाहिए कि वे उन्हीं को प्रशिक्षित करें और काम दें।***

ट्रंप के फैसले का भारत पर क्या असर होगा यदि इसकी चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत इस नीति से सबसे अधिक प्रभावित होगा क्योंकि हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और वित्त विशेषज्ञ एच-1बी वीज़ा के जरिए अमेरिका जाते हैं। देखा जाये तो भारतीय युवाओं के लिए अमेरिकी नौकरी बाज़ार का दरवाज़ा सीमित हो जाएगा। इससे उनके सपनों पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी कंपनियां अमेरिकी प्रोजेक्ट्स के लिए बड़ी संख्या में भारतीय कर्मचारियों को अमेरिका भेजती रही हैं। नई नीति से इनकी लागत बढ़ेगी और प्रोजेक्ट्स की गति धीमी पड़ सकती है। साथ ही ट्रंप के फैसले का सबसे बड़ा असर यह हो सकता है कि अब तक जो उच्च कुशल प्रतिभा अमेरिका चली जाती थी, वह भारत में ही रहकर यहां की कंपनियों के लिए काम करेगी।

देखा जाये तो ट्रंप के फैसले को केवल नकारात्मक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। भारत के लिए यह एक अवसर भी है। अब तक देखा गया है कि भारतीय मूल के कई दिग्गज अमेरिकी कंपनियों में शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। जैसे सत्य नडेला, सुंदर पिचाई, अजय बंगा आदि। यदि यही प्रतिभा भारत में रहकर देश की कंपनियों को आगे बढ़ाती तो भारत की वैश्विक स्थिति कहीं और होती। देखा जाये तो जब वैश्विक दरवाज़े सीमित होंगे तो भारत में स्टार्टअप कल्चर और मज़बूत हो सकता है। भारत सरकार के पास यह मौका है कि वह उच्च कुशल पेशेवरों को आकर्षित करने के लिए टैक्स लाभ, बेहतर रिसर्च सुविधाएँ और आसान कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराए।

यदि भारत सरकार मजबूत R&D ढांचा विकसित करे तो भारतीय युवाओं को अमेरिका जाने की आवश्यकता कम होगी। इसके अलावा, अमेरिका में काम करने वाली भारतीय प्रतिभा यदि भारत लौटती है तो सरकार को ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिससे ये लोग यहां की कंपनियों को आगे बढ़ाएं। साथ ही, उच्च कौशल वाले पेशेवरों को टैक्स में छूट, आसान फंडिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराकर भारतीय उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के लिए शायद तत्कालिक राजनीतिक लाभ ला सकता है, लेकिन दीर्घकाल में यह कदम उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, भारत को इसे अवसर के रूप में देखना चाहिए। अब तक कुशल भारतीय पेशेवरों का मस्तिष्क और मेहनत अमेरिकी कंपनियों के लिए संपत्ति बनता रहा है। यदि यही प्रतिभा भारत में रहकर भारतीय कंपनियों के लिए काम करे तो न केवल भारतीय उद्योग जगत बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति तेज़ हो सकती है। आज भी गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी, आईबीएम और वर्ल्ड बैंक जैसे वैश्विक संस्थानों के शीर्ष पदों पर भारतीय बैठे हैं। अगर यही 'इंडियन ब्रेन' भारत की कंपनियों में अपनी ऊर्जा लगाएँ, तो इसका लाभ सीधे भारत की अर्थव्यवस्था और समाज को मिलेगा। भारत सरकार को चाहिए कि इसे अवसर मानकर उच्च कौशल वाले पेशेवरों के लिए सुविधाजनक माहौल और प्रोत्साहन तैयार करे। बहरहाल, ट्रंप की यह नीति भारत के लिए मस्तिष्क पलायन को रोकने और प्रतिभा को देश में ही बनाए रखने का सुनहरा अवसर साबित हो सकती है। **-नीरज कुमार दुबे**

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नाखुश ईश्वर ने कहा.... (व्यंग्य)

खूबसूरत बाढ़ में पक्षियों की चहचहाहट के बीच, ईश्वर संग टहलती पत्नी ने कहा, 'देश के कुछ हिस्सों में, पानी ने तबाही मचा रखी है। मानव स्थाई रखवाले के रूप में आपको पुकार रहा है। आपने कभी कहा था, जब धरतीवासी परेशान होंगे तो मानवता की रक्षा एवं सुकर्मों की पुनर्स्थापना हेतु अवतार लूंगा।'

ईश्वर बोले, 'मैंने मानव को सांकेतिक रूप से एक बार नहीं कितनी ही बार समझाया मगर उसे कभी समझ नहीं आया। बहुत समय बीत गया लेकिन उसने बार बार, लगातार मनमाना अवैज्ञानिक विकास किया। अपनी तिजोरियां धन से भरने के लिए प्रकृति के पहाड़ फाड़ डाले। अवांछित चौड़ी सड़कें, सुरंगे, पुल बनाने के लिए लाखों करोड़ों वृक्ष कलम कर दिए। जहां बरसात का जल इकठा होकर तालाब बना रहता था, वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बना डाली। नदियों को नहीं बख्शा उनका मार्ग बदलने की गुस्ताखी की। जल प्रदूषित किया। शातिर लोगों ने अपने स्वार्थ को सबसे ऊपर रखा। सामयिक स्वार्थी, अवसरवादी राजनेताओं ने इसमें खूब मदद की। यह आपदाएं मानव निर्मित है जिनका श्रेय राजनीति, ठेकेदार और अधिकारियों को जाता है लेकिन दोष प्रकृति को दिया जा रहा है।'

'जिनकी जान माल की हानि हुई है उनके लिए विकट समस्या है। किया किसी और ने, भुगत कोई और रहा है। ऐसे विकट समय में सदभाव और सहायता की ज्यादा जरूरत है लेकिन समाज के तथाकथित नायक आपसी दोषारोपण कर अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। बेचारे राजनेताओं को मजबूरी में ज्यादा लोकसेवा करनी पड़ रही है। भगवान, आपको नहीं लगता अब दुनिया के नवीनीकरण का समय आ गया है। अब तो आपको सक्रिय होना ही पड़ेगा।' पत्नी ने आशा व्यक्त की।

ईश्वर ने कहा, 'इंसानियत को दुखी करने में इंसान ही सबसे आगे है। असीमित खजाना पूजा घरों में जकड़ा हुआ है जिनके बाहर अंधी आस्था व बहरे अंधविश्वास का पहरा है और सामाजिक आर्थिकी डांवाडोल है। आयोजनों से मुझे रिझाना चाहते हैं लेकिन सच्चे धार्मिक व्यक्ति और प्रतिबद्ध भक्त कम हैं। जाति, सम्प्रदाय, धर्म, अर्थ बारे उचित बात सुनने, समझने को तैयार नहीं हैं। दुनियावाले, प्रकृति के पांच तत्वों, पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश और वायु का सांमजस्य बिठाए रखते तो मानव जीवन संतुलित रहता। इनके साथ इंसान ने जी भर कर मनमानी की है। प्रकृति अब मानवीय अत्याचार नहीं सहेगी वह अब निरंतर जवाब देगी और इसी तरह से देगी। मैं धरतीवासियों से बहुत नाराज हूं।'

ईश्वर बोले, 'पथभ्रष्ट लोग ऐसे नहीं सुधरते, उन्हें सीधा करने के लिए, अनुचित विकास का विनाश करने का रास्ता अपनाना पड़ता है।

फिलहाल मैं वहां नहीं जाउंगा और जो होना चाहिए, होकर रहेगा। मेरे प्रिय समझदार लोग, लेखक, पर्यावरण प्रेमी और समाज सेवक ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। अब लालची लोगों को सबक सिखाना जरूरी हो गया है।'

पत्नी समझ गई थी कि ईश्वर अभी नाराज हैं। उन्हें पता था कि बिगड़े हुए धरतीवासियों को ज्यादा शक्तिशाली, झकझोर देने वाली यानी जो सचमुच बदलाव ला सके ऐसी चेतावनी की जरूरत है।

**- संतोष उत्सुक**



**ईश्वर बोले, 'मैंने मानव को सांकेतिक रूप से एक बार नहीं कितनी ही बार समझाया मगर उसे कभी समझ नहीं आया। बहुत समय बीत गया लेकिन उसने बार बार, लगातार मनमाना अवैज्ञानिक विकास किया। अपनी तिजोरियां धन से भरने के लिए प्रकृति के पहाड़ फाड़ डाले।**

# राशिफल

**अश्विन माह, कृष्ण पक्ष अमावस्या** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्य साथ देगा, लाभ के योग बन रहे हैं। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। कार्यों की विघ्न, बाधा खत्म होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बच के पार करें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे लेकिन थोड़ा सा स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
संतान पक्ष से थोड़ा मन खिन्न रहेगा। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
गृह कलह के संकेत हैं। लेकिन भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। मां के स्वास्थ्य में सुधार।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। मित्रों में वृद्धि होगी। सबके साथ बहुत आनंददायक जीवन गुजारेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
पॉजिटिव का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा, प्रेम संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा रहेगा , लाभ के संकेत।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मन परेशान रहेगा खर्च की अधिकता रहेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
नए-नए स्रोत बनेंगे आय के। पुराने स्रोत भी कायम रहेंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम संतान का साथ है।

# उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा को नई दिशा, मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति 5.0 का किया शुभारंभ

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सोमवार को लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर को राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के स्वर्णिम मील का पत्थर करार दिया।

वर्ष 2020 में प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान ने अब तक प्रदेश में महिला सुरक्षा की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि इसी पहल का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या 44,177 तक पहुँच गई है। यह देश का सबसे बड़ा महिला पुलिस बल है।





नवीनतम चरण में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना सबसे बड़ा नवाचार है। प्रदेश के प्रत्येक थाने में कुल 1,663 केन्द्र खोले जा रहे हैं, जो पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सम्पर्क बिंदु का काम करेंगे। इन केन्द्रों पर पीड़िता को न केवल शिकायत दर्ज करने की सुविधा होगी, बल्कि परामर्श, कानूनी मदद और सभी संबंधित संस्थाओं से समन्वय भी उपलब्ध कराया जाएगा।

सरकार ने इन केन्द्रों के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) भी जारी की है। इसके तहत शिकायत की त्वरित सुनवाई, समयबद्ध कार्यवाही और पीड़िता को सभी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति केवल सुरक्षा का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाने वाला व्यापक अभियान है। इसका लाभ समाज की आधी आबादी के साथ-साथ पूरे प्रदेश के विकास को नई गति देगा।

मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ को लेकर सरकार का दावा है कि यह पहल न केवल महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें न्याय और सहयोग की डोर से जोड़कर आत्मविश्वास भी देगी।

# सीवर हादसे में दो सफाईकर्मियों की मौत

## नोएडा सिटीजन फोरम ने न्यायिक जांच और मुआवज़े की मांग उठाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-115 में 16 अगस्त 2025 को हुए दर्दनाक सीवर हादसे में दो सफाईकर्मी खुशहाल और विकास की मौत के बाद अब आवाज़ें तेज़ हो रही हैं। रविवार को नोएडा सिटीजन फोरम (एनसीएफ) के प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री से हादसे की न्यायिक जांच कराने और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवज़ा देने की मांग की।

एनसीएफ की संरक्षक शालिनी सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र में प्राधिकरण और संबंधित ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया गया। फोरम ने स्पष्ट किया कि जब तक सीवर सफाई में आधुनिक मशीनों का उपयोग अनिवार्य नहीं किया जाएगा और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक ऐसी दुर्घटनाएँ होती रहेंगी।

फोरम की मुख्य मांगें, मृतक सफाईकर्मियों के परिजनों को कम से कम 5 लाख का मुआवज़ा दिया जाए। पीड़ित परिवारों को स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध कराया जाए। सीवर सफाई में मशीनों का प्रयोग अनिवार्य हो। नगर निकायों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो। ठेकेदारी प्रथा पर पुनर्विचार कर मजदूरों के शोषण पर रोक लगे। न्यायिक जांच कर दोषियों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई की जाए।

प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक शालिनी सिंह के साथ कार्यकारी अध्यक्ष इंद्राणी मुखर्जी, सचिव गरिमा त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य राहुल राघव सिंह और रेनु बाला शर्मा मौजूद रहीं।

# सेक्टर-46 में कल से शुरू होगा रामलीला का मंचन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा सेक्टर-46 की आयोजन समिति एवं सदस्यों ने रामलीला ग्राउंड सेक्टर-46 में 22 सितंबर से 03 अक्टूबर के बीच होने जा रहे रामलीला महोत्सव को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन श्री परिवार रघुवंशी संस्कृति मंच मुरादाबाद के पंडित कृष्ण स्वामी और उनके सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

रामलीला का स्टेज दो भागों में होगा। पहला भाग 105 फीट लंबा, 8 फीट चौड़ा और 18 फीट ऊंचा होगा। जबकि दूसरा स्टेज 140 फीट लंबा, 40 फीट चौड़ा और 6 फीट ऊंचा होगा।

राम बारात 26 सितंबर शुक्रवार को शाम 4.00 बजे से रामलीला ग्राउंड सेक्टर-46 से प्रारंभ होकर सेक्टर-46 व अन्य सेक्टरों के अंदर घूमते हुए शाम 7.00 बजे तक पुनः रामलीला ग्राउंड पर पहुंचेगी। शाम 8ः00 बजे से डांडिया नाइट का आयोजन रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार के सहयोग से किया जाएगा।

सुरक्षा के लिए लगभग 70 सीसीटीवी कैमरे ग्राउंड के चारों ओर लगाए जाएंगे। इसके अलावा 80 गार्ड, 25 गनर तथा आयोजन समिति के सदस्य चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखेंगे।

इस अवसर पर आयोजन समिति के वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, मुख्य संरक्षक आलोक गुप्ता, मेला प्रमुख संजय गोयल, स्वागत अध्यक्ष रामवीर यादव, महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सी.ए. मनोज अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष पीयूष गोयल, मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव, लीला संयोजक कृष्ण स्वामी, मुख्य यजमान अशोक गोयल, संगठन मंत्री कार्तिक मिश्रा, सुरक्षा प्रमुख सुशील कुमार सिंघल, मुख्य सलाहकार विकास बंसल, मंच संचालक संदीप अग्रवाल, डॉ. एस.पी. जैन, पवन शर्मा, सतेंद्र शर्मा, मुकेश गुप्ता, विमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जिग्नेश भारद्वाज, रामवीर यादव, बॉबी गुप्ता, नवनीत गुप्ता, विकास जैन, सुभाष शर्मा, कार्तिक शर्मा, नरेंद्र चोपड़ा, नवीन सोनी, श्रीधर गोयनका, विजय अग्रवाल, रामावतार, मोहनलाल गुप्ता, श्याम सुंदर सिंगल, राजीव अग्रवाल, राजेश जिंदल, अमित गुप्ता, हर्षित अग्रवाल, तुषार गोयल, संयम जैन, वेदांत अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# सनातन धर्म मंदिर की रामलीला का मंचन 22 सितंबर से, तैयारी पूरी




**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव इस वर्ष नोएडा स्टेडियम में 22 सितंबर से प्रारंभ होकर 3 अक्टूबर तक चलेगा। समिति के महासचिव संजय बाली ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि मंचन हरी भक्त कला ट्रस्ट के सहयोग से दिल्ली और मुंबई के प्रसिद्ध टीवी एवं फिल्मी कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

रामलीला मंचन का शुभारंभ प्रतिदिन सायं 7 बजे गणेश पूजन से होगा। 2 अक्तूबर को दशहरे पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा। रावण का पुतला 80 फीट, कुंभकरण का 75 फीट और मेघनाथ का 65 फीट ऊँचा होगा। अगले दिन 3 अक्तूबर को भरतमिलाप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया नाइट का आयोजन होगा, जिसके साथ इस वर्ष की लीला का समापन होगा।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ. महेश शर्मा (सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री), नोएडा विधायक पंकज सिंह, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष विमला बाथम, कैप्टन विकास गुप्ता (अध्यक्ष, उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद), पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, स्वागत अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मधुसूदन दादू (राष्ट्रीय अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती) और प्रकाश हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. वी.एस. चौहान सहित कई विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे।

समिति के चेयरमैन डॉ. टी.एन. गोविल, अध्यक्ष टी.एन. चैरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि लीला मंचन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और दर्शकों की सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# निखिल भाटी बने लॉ फैकल्टी कॉलेज के वाइस प्रेसिडेंट



**नोएडा ( चेतना मंच )।** लॉ फैकल्टी कॉलेज के छात्र संघ चुनाव में निखिल भाटी ने शानदार जीत दर्ज कर वाइस प्रेसिडेंट पद अपने नाम कर लिया। निखिल भाटी को कुल 526 वोट हासिल हुए, जबकि उनके नज़दीकी प्रतिद्वंद्वी यशस्वी को 491 वोट और फ़ैज़ान को 289 वोट मिले। वहीं 48 छात्रों ने नोटा का विकल्प चुना। भारी अंतर से मिली इस जीत ने निखिल की लोकप्रियता और संगठनात्मक पकड़ को स्पष्ट कर दिया।

निखिल भाटी राजनीतिक और सामाजिक रूप से सक्रिय परिवार से आते हैं। उनके दादा डॉ. यतेंद्र भाटी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से दादरी विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं चाचा निशांत भाटी वर्तमान में राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के गौतमबुद्ध नगर युवा जिला अध्यक्ष हैं। निखिल के पिता संदीप भाटी भी सामाजिक सरोकार से जुड़े रहे हैं और गौतमबुद्ध नगर मेडिकल स्टोर एसोसिएशन के अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# पिता से गाली-गलौज के विरोध में युवक की पीठ में घोंपा चाकू

**मोदीनगर।** कोतवाली क्षेत्र की कृष्णापुरी कालोनी में शुक्रवार रात पिता से गाली-गलौज के विरोध में आरोपितों ने युवक की पीठ में चाकू घोंप दिया। खून से लथपथ हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने तीन आरोपितों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गोविंदपुरी स्थित कृष्णापुरी कालोनी के मोनू के मुताबिक, उनके पिता बालकिशन शुक्रवार रात घर के बाहर खड़े थे। इस बीच तीन आरोपित आए और पिता के साथ गाली-गलौज करने लगे।



पहले तो पिता ने अनसुना किया लेकिन आरोपित बाज नहीं आए। उनके साथ अभद्रता करने लगे। आरोपित शराब के नशे में थे। इस बीच मोनू का भाई प्रेम आया और आरोपितों का विरोध करने लगा। इसपर आरोपित भड़क गए।

प्रेम को बुरी तरह पीटने लगे। उनकी पीठ में चाकू घोंप दिया। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर आने लगे तो आरोपित भाग निकले। प्रेम को मोदीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया।

अब भी वे उपचाराधीन है। मामले में मोनू की तरफ से थाने में शिकायत दी गई है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपित आशीष, मोहित व गौरव पर केस दर्ज किया गया है। इनकी तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी होगी।

# महिला की हत्या मामले में खुलासा, प्रेमी निकला कातिल

**नोएडा।** फेज वन थाना क्षेत्र के सेक्टर 15ए के सामने एक सितंबर को अमिताभ बच्चन पार्क में हुई महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की थी। महिला शादी करने और परिवार को छोड़ने का लगातार दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर प्रेमी ने महिला को पार्क में बुलाया था।

गले पर चाकू मारकर भाग गया था। स्वजन के शिनाख्त करने पर पुलिस ने महिला का मोबाइल की सीडीआर खंगाली और इससे पुलिस हत्यारोपित प्रेमी तक पहुंची। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्ता कर जेल भेज दिया।

नोएडा फेज वन थाना पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया था। उसकी शिनाख्त करने में जुटी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला रेतकर हत्या करना सामने आया था। पुलिस ने दिल्ली, गाजियाबाद के थानों में भी महिला के फोटो भेजवाए थे।

पुलिस के मुताबिक बिहार मधुबनी के परमेश्वर शाह ने 16 सितंबर को महिला की अपनी बेटी के रूप में शिनाख्त की थी। महिला नाम ममता बताया था। पुलिस ने तस्दीक करते हुए महिला का मोबाइल नंबर प्राप्त किया। उसकी सीडीआर और अंतिम लोकेशन रन कराई।

कॉल डिटेल के आधार पर दिल्ली दल्लूपुरा के रहने वाले हरखू राम उर्फ दीपक की भूमिका संदिग्ध मिली। 18 सितंबर को पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। वह टूट गया और हत्या करने बात कबूल की।

पूछताछ में बताया कि दोनों नोएडा की एक फैक्ट्री में काम करते थे। नजदीकी बढ़ने पर दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए थे। ममता भी शादीशुदा थी, लेकिन उसका तलाक हो चुका था। वह हरखू राम अपनी पत्नी व बच्चों को छोड़कर शादी करने का दबाव बना रही थी।

ऐसा करने से मना करने पर पुलिस से शिकायत करने और बदनाम करने की धमकी दे रही थी। सामाजिक प्रतिष्ठा खराब के डर से आरोपित काफी परेशान चल रहा था। 31 अगस्त को महिला बिहार से लौटी थी। एक सितंबर को आरोपित ने उसे पार्क में मिलने के लिए बुलाया था।

गुस्से में आकर चाकू से महिला की हत्या कर दी थी। वहां से भाग गया था। महिला की शिनाख्त नहीं होने से वह निश्चित मानकर चल रहा था कि वह पुलिस के हत्थे चढ़ेगा। एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया गया है। उसे जेल भेज दिया गया है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं० JHS-N-W-52-25 दिनांक-19.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या:- JHS-N-W-52-25 | |
| कार्य का नाम:- नेटवर्किंग ऑफ़ वॉइस लॉगर इक्विप्मेंट ओवर झाँसी डिविज़न। | |
| कार्य लागत लगभग:- Rs. 9744935.65 /- | धरोहर राशि:- Rs. 194900 /- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य:- Nil | निविदा खुलने की तिथि:-13.10.2025 Time 15:00 |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि- 09 माह | |


- निविदा दिनाँक 13.10.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें।

1723/25(D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# भावुक बच्चे को पीएम ने मनाया

## मोदी बोले - मैं तुझे जरूर चिट्ठी लिखूंगा



**भावनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने गृह राज्य गुजरात के दौरे पर हैं। पीएम मोदी के इस दौरे की शुरुआत भावनगर से हुई है। यहां पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान एक बच्चा प्रधानमंत्री मोदी का चित्र बनाकर लेकर आया हुआ था। पीएम मोदी ने जैसे ही उस चित्र को देखा तो किसी से इसे लेने के लिए कहा। जैसे ही वह चित्र प्रधानमंत्री के पास तक पहुंचा तो वह बच्चा रोने लगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "एक छोटा बालक चित्र बनाकर लाया है। कब से खड़ा है उसके हाथ दुखते होंगे। कोई जरा इसको कलेक्ट कर ले। शाबाश बेटे, चलो बेटा तुम्हारा चित्र मिल गया है और अब रोने की कोई भी जरूरत नहीं है। चित्र तुम्हारा मिल गया। अगर उस पर तुम्हारा एड्रेस लिखा होगा तो मैं तुझे जरूर चिट्ठी लिखूंगा।" इसके बाद उस बच्चे ने पानी पिया और रोना बंद किया। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा, "2047 तक हमें विकसित होना है तो भारत को आत्मनिर्भर होना ही होगा। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए, चिप हो या शिप हमें भारत में ही बनाने होंगे। इसी सोच के साथ आज भारत मेरीटाइम सेक्टर भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है। देश के मेरीटाइम सेक्टर को मजबूती देने के लिए एक बहुत ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। अब सरकार ने बड़े जहाजों को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में मान्यता दे दी है। आज भारत एक अलग मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। हम जो लक्ष्य तय करते हैं उसे अब समय से पहले पूरा करके भी दिखाते हैं। सोलर सेक्टर में भारत अब अपने लक्ष्यों को चार-चार, पांच-पांच साल पहले हासिल कर रहा है।"

पीएम मोदी ने कहा, "भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद, कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजर-अंदाज किया। भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा और दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा होना होगा। भारत में क्षमता की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद, कांग्रेस ने भारत की सारी क्षमता को नजर अंदाज कर दिया।

# 'विनाशकारी फैसला', ट्रंप पर फायर हो गए अमेरिकी सांसद और नेता

● H-1B वीजा पर 88 लाख की फीस को बता दिया 'खतरनाक'




**नई दिल्ली**

अमेरिका की राजनीति और टेक्नोलॉजी सेक्टर में इस समय एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वजह है- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया प्रस्ताव, जिसके तहत H-1B वीजा आवेदन पर 1 लाख डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) की भारी-भरकम फीस लगाने की बात कही जा रही है। इस फैसले की अमेरिकी सांसदों और प्रवासी भारतीय समुदाय के नेताओं ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि यह कदम लापरवाह है और इससे आईटी इंडस्ट्री पर बेहद नकारात्मक असर पड़ेगा।

### सांसदों की कड़ी आपत्ति

अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि यह 88 लाख रुपए की फीस लगाने का प्रस्ताव एक तरह से अमेरिका को हाई-स्किल्ड वर्कर्स से काटने की कोशिश है। इन्हीं लोगों ने अमेरिकी वर्कफोर्स को मजबूत किया है, इनोवेशन को बढ़ावा दिया है और ऐसे उद्योग खड़े किए हैं जिनमें लाखों अमेरिकियों को रोजगार मिला है।

उन्होंने आगे कहा कि कई H-1B वीजा होल्डर बाद में अमेरिका के नागरिक बनते हैं और खुद के स्टार्टअप शुरू कर वहां नई नौकरियां पैदा करते हैं।

### ग्लोबल टैलेंट पर असर

भूटोरिया का कहना है कि यह कदम कुशल पेशेवरों को अमेरिका से दूर कर देगा और वे कनाडा या यूरोप जैसे देशों का रुख करेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि सुधार की जरूरत है, लेकिन रास्ता संतुलित होना चाहिए। जैसे स्टार्टअप्स को छूट देना या मेरिट आधारित चयन को प्राथमिकता देना।

### भारतीयों पर भी गहरा असर

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज के खांदेराव कंद ने कहा कि इतनी महंगी फीस से सबसे ज्यादा नुकसान सॉफ्टवेयर और टेक इंडस्ट्री को होगा। खासकर उन भारतीय छात्रों और STEM प्रोफेशनल्स को, जो पहले से ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टैरिफ नीतियों के असर से संघर्ष कर रहे हैं। यानी साफ है कि अगर यह प्रस्ताव लागू हुआ तो न केवल अमेरिकी कंपनियों को झटका लगेगा, बल्कि हजारों भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और छात्रों का सपना भी टूट सकता है।

### टेक्नोलॉजी सेक्टर पर खतरा

जो बाइडेन सरकार के पूर्व सलाहकार और एशियन-अमेरिकन कम्युनिटी लीडर अजय भूटोरिया ने चेतावनी दी है कि इस कदम से अमेरिका का टेक्नोलॉजी सेक्टर अपनी बढ़त खो सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक H-1B प्रोग्राम ने दुनिया भर से टैलेंट को सिलिकॉन वैली की ओर आकर्षित किया है, लेकिन अचानक फीस को 2000-5000 डॉलर से बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करना छोटे कारोबार और स्टार्टअप्स के लिए विनाशकारी होगा।

# अमूल ने एक झटके में घटाए 700 आइटम के दाम



**नई दिल्ली।** अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाली जीसीएमएमएफ ने शनिवार को घी, मक्खन, आइसक्रीम, बेकरी और फ्रोजन स्नैक्स सहित 700 से अधिक उत्पाद पैक की खुदरा कीमतों में कमी की है। कंपनी ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का फैसला किया है। नयी कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने एक बयान में 700 से अधिक उत्पाद पैक की कीमत घटाने की घोषणा की, जिससे उसके ग्राहकों को जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलेगा। यह संशोधन 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा। जीसीएमएमएफ ने कहा, "यह संशोधन मक्खन, घी, यूएचटी दूध, आइसक्रीम, पनीर, चॉकलेट, बेकरी उत्पादों, फ्रोजन डेयरी और आलू स्नैक्स, कंडेंस्ड मिल्क, पीनट स्प्रेड, माल्ट आधारित पेय जैसी उत्पाद श्रेणियों में किया गया है।" बयान के मुताबिक मक्खन (100 ग्राम) का अधिकतम खुदरा मूल्य 62 रुपये से घटाकर 58 रुपये कर दिया गया है।

# 'मैं दोबारा कह रहा, भारत के पास कमजोर प्रधानमंत्री'

## H-1B वीजा मामले पर राहुल गांधी ने साधा निशाना

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की ओर से H-1B वीजा पर 1 लाख डॉलर का शुल्क लगाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। शनिवार को उन्होंने दावा किया कि भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है। राहुल ने जुलाई, 2017 में एक्स पर किए गए अपने एक पोस्ट को साझा करते हुए पीएम मोदी को निशाने पर लिया। उस पोस्ट में भी कांग्रेस नेता ने नरेंद्र मोदी पर कमजोर प्रधानमंत्री होने का आरोप लगाया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया, 'मैं इस बात को दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है।'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'अमेरिका पहली बार भारत के साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर रहा है। हमारी विदेश नीति कमजोर ही है।



हम क्यों कमजोर दिखाई दे रहे हैं? हमारी तैयारी क्या है? कल को और देश ऐसा करेंगे तब हमारी तैयारी क्या है? हमारे देश को आर्थिक रूप से जितना मजबूत दिखाई देना चाहिए था, हम नहीं दिख रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे हैं। हम खाद के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। जिस देश के साथ हमारी जमीन को लेकर लड़ाई है, हम लगातार उसके साथ व्यापार बढ़ा रहे हैं।'

### आम आदमी पार्टी ने भी साधा निशाना

वीजा मामले को लेकर AAP दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'भारत के करीब 71% लोग हैं जो H-1B वीजा पर अमेरिका में काम करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी कीमत 1 लाख डौलर बनाई है जो करीब 90 लाख रुपए बनती है। यह इसलिए ताकि कोई भी कंपनी आसानी से किसी भारतीय को H-1B वीजा पर हायर न कर सके।' बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ गैर आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर रोक संबंधी सरकारी आदेश पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। इस फैसले के तहत उन कामगारों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, जिनके एच1बी आवेदन के साथ 1 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान नहीं किया गया होगा।

# गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच करवाएगी असम सरकार

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच कराएगी। इसके अलावा उनका शव दिल्ली से गुवाहाटी लाने वह खुद पहुंचेंगे। 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के आयोजक श्यामकानु महंता और गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ मोरीगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सरमा ने संवाददाताओं से कहा, ''असम पुलिस जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच करेगी और महंत तथा सिद्धार्थ शर्मा के साथ-साथ गायक के अंतिम क्षणों में उनके साथ मौजूद रहे लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि गर्ग को हादसे से एक रात पहले एक पार्टी में ले जाया गया था और हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# उल्कापिंड या चाइनीज रॉकेट...

## दिल्ली-NCR के आसमान में देर रात दिखी 'आग' पर बहस तेज



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के ऊपर आसमान में शुक्रवार देर दिखी आग जैसी चीज आखिर क्या थी? धधकते हुए तेजी एक सीध में बढ़ती इस रेखा को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, अलीगढ़ और जयपुर तक से लोगों ने देखा। बहुतों ने इसे कैमरों में कैद भी किया। अब सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर बहस तेज है कि यह कोई उल्कापिंड था फिर चाइनीज रॉकेट का मलबा। दोनों ही संभावनाओं पर अभी किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लोगों की अटकलों के बीच एक्स पर 'ग्रोक' ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में दिखी चमकती रेखा संभवतः चाइनीज रॉकेट CZ-3B का मलबा था जो वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कर रहा था। ग्रोक ने यह आकलन भविष्यवाणियों और वीडियो की विशेषताओं जैसे अपेक्षाकृत धीमी गति और टुकड़ों में बिखरना आदि के आधार पर किया। कुछ विशेषज्ञ इसे बोलाइड मान रहे हैं। बोलाइड का अर्थ है 'वायुमंडल में प्रवेश के बाद विस्फोटित होने वाला बड़ा उल्कापिंड। हालांकि, अंतरिक्ष के मलबा होने की संभावना अधिक जताई जा रही है। दिल्ली-एनसीआर में लोगों ने इसे रात करीब 1.20 बजे देखे जाने की बात कही है। जिन लोगों ने इसे कैमरों में कैद किया उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए अपने अनुभव साझा किए और अटकलें भी लगाईं। एक यूजर ने एक्स पर लिखा, 'रात में अभी आसमान में एक चमकती रेखा देखी। लगता है कोई उल्कापिंड या किसी रॉकेट का जलता हुआ हिस्सा है। मेरे छत से अभी यह दिखा है। क्या किसी और ने भी देखा?' एक अन्य यूजर ने गुरुग्राम में इसे देखे जाने की बात कही और लिखा, 'गुरुग्राम के सेक्टर 77 में 1.25 बजे उल्कापिंड की बारिश। यह रोशनी की रेखा थी। बहुत ही सुंदर, देखना सौभाग्य है।' एक पर ही एक यूजर ने नोएडा से लिखा, 'ग्रेटर नोएडा में आधी रात का नजारा। करीब 1.22 बजे "दहकते हुए क्षुद्रग्रह ने नोएडा के आकाश को रोशन कर दिया। एक दुर्लभ फिल्मी दृश्य यहां लोगों ने देखा है।'

# माथे पर तिलक और...

# गरबा से पहले आयोजकों को VHP की सलाह, भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली**

शारदीय नव रात्रि के दौरान होने वाले गरबा आयोजन को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने महाराष्ट्र के सभी आयोजकों को सलाह दी है। परिषद की तरफ से कहा गया है कि गरबा एक हिंदू कार्यक्रम है, ऐसे में इसमें केवल हिंदुओं को ही प्रवेश दिया जाना चाहिए। परिषद की तरफ से कहा गया कि गरबा में आने वाले लोगों का सबसे पहले आधार कार्ड चैक किया जाए, ताकि कोई गैर हिंदू इसमें प्रवेश न करे। इतना ही नहीं परिषद ने आयोजकों को सलाह दी है कि पंडाल में आने के वाले सभी लोगों के माथे पर तिलक भी लगाया जाए।

विश्व हिंदू परिषद की तरफ से दी गई इस सलाह के बाद जहां भाजपा नेता बावनकुले ने



इसे आयोजकों का अधिकार बताते हुए इसका समर्थन किया है, तो वहीं कांग्रेस ने इसे समाज में आग लगाने वाला बताया है। बावनकुले ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम पुलिस की परमीशन के साथ किसी आयोजक के द्वारा किया जाता है, ऐसे में अगर आयोजक कोई शर्त रखता है तो वह उसका अधिकार है। वहीं कांग्रेस नेता विजय वेड्डटीवर ने वीएचपी की निंदा करते हुए कहा कि परिषद समाज में आग लगाना चाहता है। वह समाज में दरार पैदा करके राजनैतिक लाभ लेना चाहते हैं। विश्व हिंदू परिषद ने महाराष्ट्र में गरबा आयोजन करने वाले सभी आयोजकों से गरबा में गैर-हिंदुओं के आने के खिलाफ नियम बनाने की सलाह दी है। इसमें सबसे पहले आयोजकों को किसी को भी पंडाल में प्रवेश देने से पहले आधार कार्ड चैक करने और तिलक लगाने और इस बात पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है कि वह सभी पूजा आरती में भी शामिल हों। इतना ही नहीं परिषद की तरफ से कहा गया है कि वीएचपी और बजरंग दल राज्य के सभी गरबा पंडालों पर नजर रखेंगे।

# भाजपा पार्षद का अपने दफ्तर में मिला शव

## फांसी लगाकर आत्महत्या की आशंका, जांच शुरू

**तिरुवनंतपुरम**

तिरुवनंतपुरम में बीजेपी से जुड़े एक नगर निगम पार्षद शनिवार की सुबह कार्यालय में फांसी पर लटके मिले। पुलिस के अनुसार, तिरुमाला वार्ड के पार्षद के. अनिल कुमार को सुबह करीब 9 बजे मृत अवस्था में देखा गया। फिलहाल इसे आत्महत्या का संदिग्ध मामला माना जा रहा है। पुलिस ने केस की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनिल कुमार को सुबह ही ऑफिस में देखा गया था और बाद में उनकी मृत्यु की खबर मिली। टेलीविजन चैनलों की रिपोर्ट के अनुसार, अनिल कुमार एक सहकारी समिति चलाते थे। इससे जुड़े वित्तीय संकट को लेकर वह कुछ समय से परेशान थे। खबरों में यह भी दावा किया गया कि उनके शव के पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें बीजेपी नेताओं



के खिलाफ टिप्पणियां थीं। हालांकि, पुलिस ने सुसाइड नोट की पुष्टि नहीं की। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हम अन्य औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। जांच चल रही है।' यह घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। सहकारी समिति के वित्तीय संकट के साथ-साथ दूसरे कारणों की भी जांच की जा रही है।

# 'चुनाव में नेता पैसे देंगे तो ले लेना'

## जनसभा में ऐसा क्यों बोले प्रशांत किशोर

**नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में बिहार बदलाव सभा के दौरान जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने लोगों से धर्म और जाति के आधार पर वोट न देने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में नेता आएंगे और तुम्हें पैसे देंगे, आप वो ले लीजिए। जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा, "नेता चुनाव के समय आकर आपको पैसा देंगे। आपको पैसा लेना है, क्यों लेना है यह भी समझिए। आप बताइए पांच साल राशन कार्ड बनाने के लिए आपसे घूस ली है या नहीं ली है। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आपसे पैसा लिया है या नहीं



लिया है। जाले, दरभंगा के गांव-गांव में शराब, 100 रुपये की शराब 300 रुपये में बिक रही है। बिजली का बिल भी ज्यादा आ रहा है। थाने में पुलिस वाला आपके बच्चे को परेशान करके घूस लेता है या नहीं लेता है।"

### हम लोगों को लूटकर पैसा जमा किया- प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने आगे कहा, "ब्लॉक में सीओ, बीडीओ जमीन के दाखिल-खारिज में आपसे घूस ले रहा है या नहीं ले रहा है। अरे भाई तो पांच साल हम ही लोगों को लूटकर पैसा जमा किया है। उसी में से लाकर 100, 50000 लाकर देगा तो अपने पैसे हैं और उन्हें वापस ले लेना। लेकिन पैसा लेने के बाद एक मंत्र याद करना है। एक रास्ता, गरीबी से निकलने का रास्ता, सारे लोग एक संकल्प लो। जीवन में एक बार वोट किसी नेता के लिए नहीं, किसी दल या जाति के लिए नहीं, जीवन में एक बार वोट अपने-अपने बच्चों के लिए देना है। जन सुराज प्रमुख ने कहा, चाहे हिंदू हों या मुसलमान, आपको अपने बच्चों की चिंता करनी ही चाहिए। अगर समझना है तो लालू जी से सीखिए। उनका बेटा नौवीं पास भी नहीं है, फिर भी लालू जी चाहते हैं कि 'उनका बेटा बिहार का राजा बने'।

# सिंधु नदी के जल से इन तीन राज्यों को होगा फायदा

## केंद्रीय मंत्री ने बताया प्लान



**नई दिल्ली।** केंदीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि के निलंबन के कारण बचा पानी अगले एक से डेढ़ साल के अंदर दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान को उपलब्ध कराया जाएग। दिल्ली ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 का अनावरण करने के बाद बोलते हुए, मनोहर लाल ने कहा, "जैसा कहते हैं ना, आपदा में भी अवसर है। कभी-कभी, आपदा में भी अवसर पैदा होता है।" उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि निलंबित कर दी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "पाकिस्तान की ओर जाने वाला भारी मात्रा में पानी अब आने वाले एक-डेढ़ साल में दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान को लाया जाएगा।" इस बीच, केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र ने दिल्ली को पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए हथिनीकुंड बैराज के पास एक बांध बनाने हेतु एक और परियोजना रिपोर्ट तैयार की है।

# AAP नेता सौरभ भारद्वाज के वोट काटने के आरोपों पर चुनाव आयोग का आया जवाब

**नई दिल्ली**

नई दिल्ली विधानसभा सीट पर वोट काटे जाने के आम आदमी पार्टी के आरोप पर चुनाव आयोग ने शुक्रवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले वोट काटे गए। आप नेता ने यह भी दावा किया कि तत्कालीन सीएम आतिशी ने जनवरी में कथित वोट चोरी के बारे में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लिखा था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। आप नेता भारद्वाज के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव आयोग ने



कहा कि आतिशी द्वारा चिंताओं को उठाने के कुछ दिनों बाद 13 जनवरी को उन्हें 76 पन्नों का जवाब भेजा गया था। चुनाव आयोग ने इस मामले पर 13 जनवरी को जारी अपने जवाब की एक कॉपी भी जारी की। इसमें कहा गया कि आतिशी ने 5 और 8 जनवरी को दो पत्रों के माध्यम से मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने के आवेदनों में अचानक वृद्धि के बारे में चिंता जताई थी। साथ ही, आतिशी को लिखे पत्र में यह भी कहा गया है कि इस मुद्दे की विधिवत जांच की गई है और बताया गया है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और संजय सिंह ने भी अपनी शिकायतें बताने के लिए अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी। आतिशी को दिए गए चुनाव आयोग के पहले के जवाब में कहा गया था कि आयोग का दृढ़ विश्वास है कि समावेशी, हेल्दी, शुद्ध और पारदर्शी रूप से तैयार मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव की नींव है।

# दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह DPS द्वारका, कृष्ण मॉडल, सर्वोदय विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक बार फिर मेल के जरिए ही धमकी दी गई है। मौके पर बॉम्ब स्क्वाड पहुंच चुका है और तफ्तीश जारी है। छात्रों और शिक्षकों को बाहर निकाल दिया गया है और सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, वहां पर परीक्षाएं चल रही हैं। लेकिन इस बीच सुबह साढ़े छह बजे दिल्ली फायर विभाग के पास एक कॉल आया और बम की जानकारी दी गई। तुरंत ही प्रशासन एक्शन मोड में आया और जांच शुरू कर दी गई। अगस्त में दिल्ली के 32 से ज्यादा स्कूलों को बम धमाके की धमकी वाले ई-मेल भेजे गए थे। इनमें से अधिकतर स्कूल द्वारका क्षेत्र में स्थित थे, जिनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, श्री वेंकटेश्वर स्कूल और ग्लोबल स्कूल शामिल थे।

# HC के जज ने मुस्लिम इलाके को बताया 'पाकिस्तान' तो नाराज हो गए थे चंद्रचूड़

## पूर्व CJI ने खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने बतौर चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट में बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज ने एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके को पाकिस्तान कहा था। जस्टिस चंद्रचूड़ को यह बात पसंद नहीं आई। उन्होंने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले को देखा था। 'द ललनटॉप' को दिए एक इंटरव्यू में खुद इसका खुलासा किया है। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, जहां तक मुझे याद है। कर्नाटक हाईकोर्ट में मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े एक मामले पर सुनवाई हो रही थी। इस दौरान एक जज ने कहा- 'इस पुल के आगे जो जगह है



वह पाकिस्तान है। मैंने इससे जुड़ा एक वीडियो देखा। इसके बाद मैंने स्वतः संज्ञान लिया। मैंने पांच जजों की एक बैंच बिठाई। मैंने कहा किसी हाईकोर्ट के जज के द्वारा भारत के किसी हिस्से को पाकिस्तान कहना बिल्कुल गलत है। हमने एक नोटिस भेजकर इसकी सच्चाई जानी। डीवीआई चंद्रचूड़ ने आगे कहा, रिपोर्ट सामने आने के बाद पता चला कि जज साहब ने यह कहा था। मैंने एक छोटा सा फैसला दिया कि किसी जज को यह बात नहीं कहनी चाहिए। आप जो कहते हो या फिर आप जो फैसला सुनाते हुए उसमें एक गरिमा होनी चाहिए। इसका समाज पर असर पड़ता है।

इस दौरान उनसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से मिले नकदी के बारे में भी पूछा गया। उन्होंने कहा है कि इस मामले में एफआईआर जरूर होनी चाहिए थी। हालांकि, उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पैसे उनके थे या उनके घर से मिले थे? उन्हें पूरी सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए।

# 'गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश'

## ऐसा क्यों बोले चीफ जस्टिस गवई?

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं। वे कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनके कई सदस्य प्रशासनिक सेवाओं से आते हैं जबकि अन्य न्यायपालिका से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता एक ताकत है, जो न्यायिक कौशल और प्रशासनिक अनुभव को एक साथ लाती है। लेकिन सदस्यों को लगातार प्रशिक्षित करने की जरूरत है। साथ ही पात्रता और आचरण के समान मानकों का पालन कराना चाहिए।

# पाकिस्तान के जख्मों पर फिर नमक रगड़ेगा भारत

## एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आज

**दुबई।** दोनों टीमों में बढ़ते तनाव के बीच भारत जब रविवार (21 सितंबर) को दुबई में एशिया कप सुपर-4 के मैच में पाकिस्तान का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपनी स्पिन तिकड़ी के दम पर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के के खिलाफ एक और प्रभावशाली जीत दर्ज करना होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम जब आमने-सामने होती हैं तो उनके खिलाड़ियों के बीच तनाव बना रहता है लेकिन इस बार यह नए स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके साथियों ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था जिससे नया बवाल पैदा हो गया। ऐसा समझा जाता है कि भारतीय टीम इस रविवार को भी पड़ोसी देश के खिलाफ इसी नीति को जारी रखेगी तथा हाथ मिलाना भी संभवतः आम बात नहीं होगी, क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ी और उनके समर्थक इस मैच को ''द्वेषपूर्ण मैच'' के रूप में देख रहे हैं। रविवार हमेशा सबसे आरामदायक दिन नहीं होता है और पिछले मैच में भारत को सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यकुमार भी इस बात की पुष्टि करते हैं। इस टूर्नामेंट में सूर्यकुमार से सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, एक रणनीतिक कप्तान और अपने देश के लिए एक राजदूत होने की उम्मीद की जा रही है। ओमान के खिलाफ कैच लेने के प्रयास में अक्षर पटेल के सिर में लगी चोट से वह और मुख्य कोच गौतम गंभीर थोड़े चिंतित होंगे लेकिन क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने यह कहकर आशंकाओं को दूर कर दिया कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले सूर्यकुमार को टीम के सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को परखने की जरूरत थी।



### वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मिल सकती है जगह

पूरी संभावना है कि में तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह अंतिम एकादश में शामिल नहीं होंगे, क्योंकि पाकिस्तान में जन्मे ओमान के 43 वर्षीय बल्लेबाज आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा जैसे कम चर्चित खिलाड़ियों ने इस जोड़ी की जमकर धुनाई की। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की पाकिस्तान के खिलाफ मैच में वापसी होगी। इन दोनों को ओमान के खिलाफ मैच में विश्राम दिया गया था। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिचें धीमी गेंदबाजों के लिए मददगार हैं और एक बार फिर से कुलदीप यादव (टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट), अक्षर और वरुण पर जिम्मेदारी होगी कि वे निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में पलड़ा झुकाएं। अगर अक्षर फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर या रियान पराग को मिल सकती है। पाकिस्तान की टीम अप्रत्याशित प्रदर्शन करने के लिए मशहूर रही है लेकिन वर्तमान टीम कमजोर नजर आ रही है विशेष कर बल्लेबाजी विभाग में। उसके बल्लेबाज अभी तक स्पिन गेंदबाजों को समझने में नाकाम रहे हैं। बीते वर्षों में जावेद मियांदाद, इंजमाम उल हक, सलीम मलिक और एजाज अहमद जैसे चैंपियन खिलाड़ी पैदा करने वाले पाकिस्तान के लिए यह शर्मनाक बात है कि उसके वर्तमान खिलाड़ियों की तकनीक काफी खराब है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब, जो लगातार दो बार शून्य पर आउट हुए, गेंद से अधिक प्रभाव डालने के कारण उपहास का विषय बन गए हैं क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में रन बनाने की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं। साहिबजादा फरहान, हसन नवाज और शाहीन शाह अफरीदी ही टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नजर आ रहे हैं। अगर पाकिस्तान को कोई दो खिलाड़ी मुकाबला में रख सकते हैं तो वह फखर जमां और अफरीदी हैं। अफरीदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती अभिषेक शर्मा के आक्रामक तेवरों पर अंकुश लगाना होगा जिसमें वह पिछले मैच में नाकाम रहे थे। भारत के खिलाफ पिछले मैच में पाकिस्तान ने बाएं हाथ के गेंदबाज सूफियान मुकीम के रूप में तीसरा स्पिनर उतारा था, लेकिन रविवार को तेज गेंदबाज हारिस राउफ को मौका मिलने की संभावना अधिक है, क्योंकि उन्होंने यूएई के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। संजू सैमसन ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक बनाया था, लेकिन अगर दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल जल्दी आउट हो जाते हैं तो पाकिस्तान के खिलाफ उनके तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना कम है। कप्तान सूर्यकुमार फिर से अपनी चिरपरिचित स्थान पर लौटेंगे, जिसने उन्हें विश्व का नंबर एक बल्लेबाज बना दिया है। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

### भारत का स्क्वॉड

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रित बुमरा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा।

### पाकिस्तान का स्क्वॉड:

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मोकिम।

### पाकिस्तान का नया पैंतरा

एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में भिड़े थे, तब नो-हैंडशेक कॉन्ट्रोवर्सी हुई थी. पाकिस्तान भारतीय खिलाड़ियों द्वारा हाथ नहीं मिलाने के फैसले से इतना तिलमिलाया कि उसने एशिया कप के बॉयकॉट की धमकी दी. इसके अलावा पाकिस्तान ने यूएई के खिलाफ अपने ग्रुप स्टेज के मैच के शुरू होने से पहले काफी ड्रामा किया, जिसके चलते मैच एक घंटे की देरी से शुरू हुआ. भारत-पाकिस्तान एक बार फिर सुपर-4 में भिड़ने को तैयार हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस मुकाबले के लिए मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ही होंगे. ऐसे में पाकिस्तान इससे बौखला गया है और उसने एक बार फिर मैच की पूर्व संध्या पर होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द करने का फैसला लिया है।

# पाकिस्तान को फिर लगने वाली है मिर्ची

## IND vs PAK मुकाबले में मैच रेफरी होंगे एंडी पाइक्रॉफ्ट

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच की जिम्मेदारी फिर अपने एलीट पैनल के मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को सौंपी है, जबकि पीसीबी ने बार बार उन्हें हटाने का अनुरोध किया था। रविवार के मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने बताया, ''एंडी पाइक्रॉफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।'' भारतीय टीम ने पिछले रविवार को नीतिगत फैसले के अंतर्गत पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया था और इस मुकाबले में पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी थे। लेकिन पाइक्रॉफ्ट उस समय विवाद के केंद्र में आ गए जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय परंपरा का पालन नहीं किया।

पाकिस्तानी टीम ने इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दो ईमेल लिखे थे जिसमें से पहले में पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने का अनुरोध किया और दूसरे ईमेल में उन्हें अपनी टीम के मैचों से हटाने का अनुरोध किया। आईसीसी अपने एलीट पैनल रैफरी के साथ मजबूती से खड़ा रहा और उसने पीसीबी की दोनों ही मांगों को एक सिरे से खारिज कर दिया।



मेरा टाइम आएगा...

# एशिया कप में जगह नहीं मिलने पर यशस्वी जायसवाल ने तोड़ी चुप्पी

**दुबई।** भारतीय टीम का एशिया कप 2025 में प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने लीग स्टेज के सभी मुकाबले जीतकर सुपर-4 में प्रवेश किया है, जहां उसका पहला मुकाबला पाकिस्तान से होगा। भारतीय स्क्वॉड में मौजूद ज्यादातर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, हालांकि कुछ खिलाड़ियों को मेन स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है, जिसमें यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। इस बीच जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। वह सिर्फ कड़ी मेहनत पर ध्यान दे रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन इसके बावजूद वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एशिया कप के लिए जब टीम का चयन हुआ, उस समय यशस्वी का नाम नहीं होने पर सवाल खड़े हुए थे। गौतम गंभीर के मुख्य कोच और विराट-रोहित के जाने के बाद से ऊपरी क्रम में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने जिम्मा संभाला है। इस बीच एशिया कप स्क्वॉड में शुभमन गिल की भी एंट्री हुई है, जोकि उपकप्तान की भूमिका में हैं, ऐसे में जायसवाल को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। यशस्वी जायसवाल ने कहा, "ये सब चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। वे इसे टीम संयोजन के नजर से देखते हैं। मैं मेहनत जारी रखूंगा और मुझे पता है मेरा समय आएगा। तब तक, मैं खुद पर काम करता रहूंगा, बेहतर करता रहूंगा।" यशस्वी जायसवाल ने 23 टी20 मैचों में 723 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 164.31 का रहा। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। भारत ने शुक्रवार को ओमान को 21 रन से हराकर एशिया कप के ग्रुप लीग चरण का अंत जीत की हैट्रिक से किया।



# स्मृति मंधाना ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने शनिवार को गरदा उड़ा दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में 413 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए धमाकेदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 63 गेंदों में 17 चौकों और पांच छक्कों के दम पर 125 रन बनाए। मंधाना ने महज 50 गेंदों में सेंचुरी कंप्लीट कर ली थी और जबर्दस्त कारनामा अंजाम दिया। वह वनडे इतिहास (पुरुष और महिला क्रिकेट) में सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाली भारतीय प्लेयर बन गई हैं। मंधाना ने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। कोहली ने 2013 में जयपुर में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध वनडे मैच में 52 गेंदों में शतक लगाया था। 29 वर्षीय मंधाना ने महिला वनडे इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का कमाल किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और करेन रोल्टन को पछाड़ा है, जो संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर थीं। मूनी ने आज निर्णायक मुकाबले में भारत के खिलाफ 57 गेंदों में शतक पूरा किया था। उन्होंने 75 गेंदों में 138 रनों की पारी खेली, जिसमें 23 चौके और एक छक्का शामिल है। वहीं, पूर्व क्रिकेटर रोल्टन ने साल 2000 में दक्षिण अफ्रीका के सामने 57 गेंदों में शतक लगाया था। महिला वनडे में सबसे तेज सेंचुरी का रिकॉर्ड मेग लैनिंग के नाम है। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लैनिंग ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 45 गेंदों में सेंचुरी पूरी की थी।

**महिला वनडे में सबसे तेज सेंचुरी लगाने वाली प्लेयर**

45 - मेग लैनिंग बनाम न्यूजीलैंड, नॉर्थ सिडनी ओवल, 2012
50 - स्मृति मंधाना बनाम ऑस्ट्रेलिया, दिल्ली, 2025
57 - करेन रोल्टन बनाम दक्षिण अफ्रीका, लिंकन, 2000
57 - बेथ मूनी बनाम भारत, दिल्ली, 2025
59 - सोफी डिवाइन बनाम आयरलैंड, डबलिन, 2018।

# संजू सैमसन ने एमएस धोनी को पछाड़ा

## T20 में सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में पहुंचे चौथे स्थान पर



**नई दिल्ली।** संजू सैमसन ने एशिया कप 2025 के ग्रुप-स्टेज मुकाबले में ओमान के खिलाफ भारत के लिए एक अहम पारी खेली, जहां उन्होंने 45 गेंदों पर शानदार 56 रन बनाए। 3 चौकों और 3 छक्कों से सजी उनकी यह पारी सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के जल्दी आउट होने के बाद एक नाजुक मोड़ पर आई। सैमसन के संयमित रवैये ने पारी को संभाला और सुनिश्चित किया कि भारत को आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा मंच मिले। अपनी पारी के दौरान सैमसन टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्कों की सूची में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से आगे निकल गए। सैमसन अब 307 मैचों में 353 छक्कों के साथ सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर हैं और उन्होंने धोनी के 405 मैचों में लगाए गए 350 छक्कों को पीछे छोड़ दिया है।

### भारत के छक्के लगाने वाले दिग्गजों की सूची

**रोहित शर्मा - 463 मैचों में 547 छक्के**
**विराट कोहली - 414 मैचों में 435 छक्के**
**सूर्यकुमार यादव - 328 मैचों में 382 छक्के**
**संजू सैमसन - 307 मैचों में 353 छक्के**
**एमएस धोनी - 405 मैचों में 350 छक्के**

यह उपलब्धि सैमसन के लिए विशेष महत्व रखती है। जिनकी तुलना अक्सर मध्य क्रम में अपनी पावर-हिटिंग क्षमता के लिए धोनी से की जाती रही है। इस दिग्गज फिनिशर को पछाड़ना सैमसन के इस प्रारूप में लंबे समय तक टिके रहने और निरंतरता को दर्शाता है, खासकर भारतीय टीम में वर्षों से उतार-चढ़ाव भरे अवसरों के बाद। इस उपलब्धि के साथ सैमसन ने भारत के सबसे प्रभावशाली टी20 बल्लेबाजों में अपनी जगह पक्की कर ली है। साथ ही एशिया कप 2025 में अपने व्यक्तिगत सफर में एक यादगार अध्याय भी जोड़ दिया है।

# ओमान के जुझारूपन से भारतीय प्रशंसक खुश

## पाकिस्तान से भी ज्यादा रोमांचक रहा मुकाबला



**नई दिल्ली।** भारत ने अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप 2025 के ग्रुप चरण के मुकाबले में ओमान को 21 रनों से हरा दिया, जो उम्मीद से कहीं ज्यादा कड़ा मुकाबला हुआ। हार के बावजूद ओमान ने अपनी जुझारूपन खासकर बल्ले से और मैच में भारतीय टीम को अंत तक दबाए रखकर भारतीय फैंस से भी प्रशंसा बटोरी। प्रशंसकों का मानना है कि भारत का ओमान से मैच पाकिस्तान के खिलाफ मैच से कहीं अधिक रोमांचिक रहा। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 8 विकेट पर 188 रन बनाने में सफल रहा। पारी की शुरुआत युवा अभिषेक शर्मा ने की जिन्होंने शुभमन गिल (5) के जल्दी आउट होने के बाद 15 गेंदों में 38 रनों की आतिशी पारी खेली। संजू सैमसन ने संयमित पारी में 45 गेंदों में 56 रन बनाए। उन्होंने अभिषेक के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अक्षर पटेल (26) और तिलक वर्मा (29) की प्रभावपूर्ण पारियों ने भारत को 190 के करीब पहुंचाया। ओमान के लिए बाएं हाथ के स्पिनर आमिर कलीम (31 रन पर 2 विकेट), बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाह फैसल (23 रन पर 2 विकेट) और जितेन रामानंदी (33 रन पर 2 विकेट) ने अनुशासित गेंदबाजी की और अहम विकेट चटकाकर सुनिश्चित किया कि भारत मैच को एक तरफा न करें। 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने शुरुआत में अनुभवी ऑलराउंडर आमिर कलीम ने 46 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेलकर टीम की अगुवाई की और कप्तान जतिंदर सिंह (33 गेंदों पर 32 रन) के साथ मिलकर 56 रनों की साझेदारी की। भारत के लिए असली चुनौती तब आई जब कलीम और हम्माद मिर्जा (33 गेंदों पर 51 रन) ने 93 रन जोड़कर उलटफेर की उम्मीद जगा दी। लेकिन आवश्यक रन रेट बढ़ता रहा और भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में अपना संयम बनाए रखा। अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में विनायक शुक्ला को आउट किया जिससे वे पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।

# ओमान के खिलाफ सूर्यकुमार के बल्लेबाजी न करने के फैसले पर बोले गावस्कर

## उन्हें शायद अभ्यास की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एशिया कप में ओमान के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के बल्लेबाजी न करने और दूसरों को क्रीज पर मौका देने के फैसले पर अपनी राय साझा की। भारतीय कप्तान ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी करने नहीं उतरे, जिससे अन्य खिलाड़ियों ने क्रीज पर कुछ जरूरी समय बिताया। इसके बावजूद संजू सैमसन के अर्धशतक की बदौलत भारत ने टूर्नामेंट का अब तक का संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर बनाया। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा, 'अगर उन्होंने एक ओवर भी बल्लेबाजी की होती तो वह कुछ चौके और छक्के लगा सकते थे और यह उनके लिए अच्छा होता। लेकिन जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी की शायद उन्हें बल्लेबाजी अभ्यास की जरूरत नहीं है। उन्होंने सोचा होगा कि अगर भारत किसी मैच में जल्दी विकेट खो देता है तो कुलदीप यादव की बल्लेबाजी काम आ सकती है। शायद इसीलिए उन्होंने कुलदीप को बल्लेबाजी के लिए भेजा होगा।' गावस्कर ने आगे कहा, 'वह बहुत अपरंपरागत सोच वाले व्यक्ति हैं। हमने श्रीलंका में देखा कि उन्होंने खुद गेंदबाजी की और रिंकू सिंह को भी गेंद थमाई। उन्होंने मैच का रुख पलट दिया, जो हाथ से फिसलता हुआ लग रहा था और भारत को मैच जिताया। वह एक अभिनव सोच वाले व्यक्ति हैं। शायद इसीलिए उन्होंने बल्लेबाजी नहीं की और कुलदीप और अर्शदीप सिंह को मैदान पर उतारा।' गौर है कि मेन इन ब्लू ने ओमान खिलाफ अपने 20 ओवर 188/8 पर समाप्त किए। सैमसन के अलावा अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने भी क्रमशः 38 और 29 रनों की शानदार पारी खेली। 189 रनों का लक्ष्य ओमान के लिए बहुत बड़ा साबित हुआ क्योंकि टीम ने अपने 20 ओवर 167/4 पर समाप्त कर टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी हार दर्ज की।

# T20I में भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबलों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज, कोहली सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत बनाम पाकिस्तान के टी20 इंटरनेशनल मुकाबले सिर्फ क्रिकेट नहीं, भावना और रोमांच का प्रतीक हैं। ऐसे मैचों में खेलों की असली कहानियां कभी विकेटों से नहीं बल्क बिल्लेबाजों के रिकॉर्ड, दबाव में निखरी पारियों और यादगार पलों से बनती हैं। जब भी भारत पाकिस्तान भिड़ते हैं, एक नाम सबसे ऊपर रहता है: विराट कोहली। विराट कोहली (Virat Kohli) ने 2012 से 2024 के बीच पाकिस्तान के खिलाफ 11 मैचों में 492 रन बनाए हैं, औसत लगभग 70.28 और स्ट्राइक रेट 123.92। पांच अर्धशतक और एक नाबाद श्रेष्ठ स्कोर 82 उनके इस दबदबे की गवाही देते हैं।

**पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारत के टॉप 5 बल्लेबाज:**

1. विराट कोहली - 492 रन
2. युवराज सिंह - 155 रन
3. गौतम गंभीर - 139 रन
4. रोहित शर्मा - 127 रन
5. सूर्यकुमार यादव - 111 रन

भारत पाकिस्तान के टी20 मुकाबले सिर्फ एक खेल नहीं, यह रोमांच, दबाव और महान पारियों का संगम हैं। जब विराट कोहली जैसे खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ इतनी असरदार रन रौशनी बिखेरते हैं तो सिर्फ आंकड़े ही नहीं बनते एक प्रेरणा मिलती है कि कैसे सही समय पर साहसिक बल्लेबाजी और संयमिला प्रदर्शन मैच का रुख बदल सकते हैं। यह संघर्ष यही है जो इसे दर्शकों के लिए हमेशा यादगार और दिल को छूने वाला बनाता है।



# अर्शदीप सिंह के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड

## T20I में बतौर तेज गेंदबाज कर दिया ये करिश्मा

**नई दिल्ली।** अर्शदीप सिंह ने टी 20 अंतरराष्ट्रीय (T20I) मैचों में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने ओमान के विनायक शुक्ला को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। मात्र तीन वर्षों में 100 विकेट हासिल करना भारत के लिए एक तेज गेंदबाज के रूप में उनके कौशल और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के हारिस रऊफ का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। अर्शदीप ने यह कारनामा 64 मैचों में किया, जबकि रऊफ को 71 मैचों में यह कारनामा करना पड़ा था। यह अर्शदीप की निरंतरता और भारत के लिए नियमित रूप से विकेट लेने की क्षमता को दर्शाता है। अर्शदीप ने सबसे कम समय में 100 विकेट पूरे करने के मामले में शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, मुस्तफिजुर रहमान, टिम साउथी और क्रिस जॉर्डन जैसे कई मशहूर गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। इससे पता चलता है कि अब वह दुनिया भर के टी20 क्रिकेट के शीर्ष तेज गेंदबाजों में से एक हैं। पूर्ण सदस्य टीमों के गेंदबाजों में केवल राशिद खान और वानिंदु हसरंगा ने ही अर्शदीप से कम मैच खेलकर 100 विकेट पूरे किए। राशिद ने 53 मैचों में और हसरंगा ने 63 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इस तरह अर्शदीप दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाजों से पीछे रह गए। अर्शदीप के बाद हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह 100 विकेट के करीब हैं। पांड्या के नाम 96 और बुमराह के नाम 92 विकेट हैं। इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पास जल्द ही अर्शदीप के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का मौका है। गौर है कि वर्तमान में अर्शदीप सिंह 100 विकेट लेकर किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड रखते हैं। तेज गेंदबाजी में उनकी सफलता भारत की टी20 टीम के लिए एक उज्ज्वल बिंदु है, जो एशिया कप 2025 के निकट आते ही भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाओं के उदय को दर्शाता है।



# श्राद्ध पक्ष में अमावस्या तिथि के श्राद्ध का महत्व



पितृ पक्ष का अंतिम दिन श्राद्ध करने वालों के लिए खास दिन होता है, जो कि आश्विन कृष्ण अमावस्या को पड़ता है, जिसे सर्वपितृ अमावस्या भी कहते हैं।




इस दिन उन सभी पितरों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं है। इस दिन श्राद्ध करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और उनका आशीर्वाद बना रहता है। श्राद्ध पक्ष में अमावस्या तिथि को 'सर्व पितृ अमावस्या' या 'पितृ मोक्ष अमावस्या' के नाम से जाना जाता है। यह पितृ पक्ष का अंतिम दिन होता है और इसका विशेष महत्व है। इस दिन उन सभी पितरों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, या जिनके श्राद्ध को किसी कारणवश उनकी मृत्यु तिथि पर नहीं किया जा सका। यह दिन पितरों की विदाई का दिन होता है, और इस दिन श्राद्ध करने से सभी पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध के लिए 'कुतुप काल' को सबसे उत्तम समय माना जाता है। 2025 में सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को है।

**अशुभ कार्य:** सर्व पितृ अमावस्या के दिन कोई भी नया कार्य, जैसे नया घर खरीदना या नया व्यवसाय शुरू करना, अशुभ माना जाता है। द्वार पर आए किसी भी पशु-पक्षी या गरीब व्यक्ति को भूखा न लौटाएं। इस दिन बाल और नाखून काटने से बचना चाहिए।

**अमावस्या श्राद्ध की विधि:**

- श्राद्ध के लिए स्वच्छ जगह चुनें, जैसे घर का आंगन या पवित्र नदी का किनारा।
- श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए।
- सर्व पितृ अमावस्या पर ब्राह्मणों को भोजन कराना अत्यंत पुण्य का कार्य माना जाता है।
- यह भोजन सात्विक और बिना लहसुन-प्याज का होना चाहिए।
- जौ, चावल, काले तिल और दूध से पिंड बनाकर पितरों को पिंड दान अर्पित करें।
- जल, दूध, तिल मिलाकर पितरों को तर्पण करें।
- गाय, कौवा, कुत्ता, चींटी और देवताओं के लिए भोजन का अंश निकालें।

**सर्व पितृ अमावस्या के मुहूर्त और समय:**

आश्विन कृष्ण अमावस्या तिथि का प्रारम्भ- 21 सितंबर, 2025 को 12:16 ए एम बजे
अमावस्या तिथि समाप्त- 22 सितंबर, 2025 को 01:23 ए एम पर होगी।

**कुतुप काल मुहूर्त (2025):** अमावस्या श्राद्ध अनुष्ठान समय-
अमावस्या श्राद्ध रविवार, सितंबर 21, 2025 को
कुतुप मुहूर्त - 12:07 से 12:56
अवधि - 00 घण्टे 49 मिनट्स
रौहिण मुहूर्त - 12:56 से 01:44
अवधि - 00 घण्टे 49 मिनट्स
अपराह्न काल - 01:44 से 04:10
अवधि - 02 घण्टे 26 मिनट्स

# चेक साड़ी में इन ब्लाउज के साथ करें स्टाइल...

## दिखेंगी खूबसूरत



साड़ी पहनने का शौक हम सभी को होता है,लेकिन इसमें लुक तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ मैचिंग ब्लाउज या अलग डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि लुक परफेक्ट लगे। लेकिन जब चेक साड़ी के साथ ब्लाउज को वियर करने की बात आती है, तो हम अक्सर सोचते हैं कि किस तरह के ब्लाउज को स्टाइल करें। इसके लिए हम आपको आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।

### प्लेन डिजाइन वाले ब्लाउज को करें वियर

आप अगर चेक साड़ी के साथ किसी अलग डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप प्लेन डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज चेक साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी का चेक अच्छे से दिखाई देगा। साथ ही, आपका लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप प्लेन डिजाइन वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।

### प्रिंटेड डिजाइन वाला ब्लाउज

अगर आपको कॉन्ट्रास्ट करके ब्लाउज को वियर करना है, तो इसके लिए आप फोटो में नजर आने वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसमें छोटे-छोटे प्रिंट का डिजाइन मिलेगा। इससे चेक साड़ी का डिजाइन अच्छा लगेगा। साथ ही, आप इसके साथ ज्वेलरी अच्छे से पेयर कर पाएंगी। इससे आपकी हर कोई तारीफ करेगा।

### हाफ चेक के साथ प्लेन डिजाइन ब्लाउज

साड़ी के साथ हाफ चेक प्लेन डिजाइन ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं। इसमें चेक का डिजाइन बॉर्डर पर दिया गया है। बाकी सारा ब्लाउज प्लेन डिजाइन में है। इससे ये साड़ी अच्छी लग रही है। साथ ही, ब्लाउज और भी अच्छा नजर आ रहा है। इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड मिल जाएंगे। इस बार ट्राई करें ये ब्लाउज। इससे आपका पूरा साड़ी लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड डिजाइन में मिल जाएंगे या आप चाहें तो कपड़ा लेकर इसे तैयार करा सकते हैं। इससे आपको सही फिटिंग वाला ब्लाउज मिल जाएगा। आप इसमें नेकलाइन अपनी पसंद का बना पाएंगी।

# नवजात बच्चों की 28 दिनों तक क्यों जरूरी है विशेष देखभाल



नवजात बच्चे काफी नाजुक होते हैं। उनका ख्याल रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि जन्म के बाद उनका इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है। इस दौरान सही देखभाल से ही बच्चे को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सकता है। नवजात को सही पोषण, गर्माहट और देखभाल देना बहुत आवश्यक होता है ताकि वह किसी भी संक्रमण या बीमारी से बचा रहे। ऐसे में नवजात बच्चों की 28 दिनों के लिए देखभाल बेहद जरूरी होती है। आइए इसके बारे में जानते हैं।

## ऐसे करें नवजात बच्चों की केयर

नवजात को जरूरी टीके लगवाने से उसे गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेकर टीकाकरण पूरा कराना बहुत जरूरी है। जन्म के तुरंत बाद से ही शिशु को मां का दूध पिलाना चाहिए। यह उसे जरूरी पोषण देता है और उसकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है। ब्रेस्ट फीडिंग से शिशु का मानसिक और शारीरिक विकास तेजी से होता है। KMC यानी कंगारू मदर केयर एक तकनीक है, जिससे नवजात को गर्मी मिलती है और उसका शारीरिक विकास बेहतर होता है। यह विशेष रूप से समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले शिशुओं के लिए फायदेमंद होता है। नवजात की नाजुक त्वचा को संक्रमण से बचाने के लिए नहलाने और कपड़े बदलने में विशेष ध्यान दें। शिशु के नाखून छोटे और साफ रखें ताकि वह खुद को चोट न पहुंचाए। शिशु को सोने के लिए शांत और सुरक्षित माहौल दें, क्योंकि नींद उसकी ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी होती है। नवजात को दिन में 16-18 घंटे तक सोने की जरूरत होती है।

## इन चीजों पर ध्यान दें

- हाथ धोकर ही शिशु को छुएं ताकि उसे किसी प्रकार का संक्रमण न हो।
- नवजात को ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर ले जाने से बचें।
- अगर शिशु को सांस लेने में तकलीफ हो या लगातार रोता रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- शिशु के शरीर में पीलापन, सुस्ती, दूध न पीना या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर से सलाह लें।
- नवजात को बार-बार गोद में लेने और झटके से हिलाने से बचें।

# रात में सोने से पहले चेहरे पर ये चीज लगाना न भूले

अपने चेहरे से दाग धब्बे और पिंपल्स को दूर करने के लिए और चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अधिकतर लड़कियां काफी कोशिश करती है। यही नहीं इनमें से कुछ लड़कियां तो बाजार से महंगे प्रोडक्ट खरीद कर अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती है, लेकिन ऐसा करने के बावजूद भी ऐसी कई लड़कियां हैं, जिनके चेहरे पर परेशानियां कम होने का नाम नहीं लेती है। अगर आप भी उन्हें लड़की में से एक है तो यह खबर आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं एक ऐसे घरेलू नुस्खे को बताएंगे, जिसे कर आप अपने चेहरे पर होने वाली परेशानियों को कम कर सकती हैं। आईए जानते हैं उसने उसके बारे में।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट ने बताया कि अगर आप भी चेहरे पर कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर थक चुकी हैं और अपने चेहरे पर होने वाली परेशानियों को कम करना चाहती हैं, तो एक उपाय आपके लिए असरदार हो सकता है। इसके लिए आपको रोजाना रात में सोने से पहले अपने चेहरे पर इस खास टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। टोनर को घर पर तैयार करने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लग सकती है। जैसे-

### टोनर बनाने की सामग्री

चावल का पानी, गुलाब जल, एलोवेरा जेल

### टोनर बनाने का तरीका

टोनर बनाने के लिए सबसे पहले आपको चावल के पानी में गुलाब जल और एलोवेरा जेल दोनों को बराबर मात्रा में डालकर अच्छी तरह मिला लें। जब यह तैयार हो जाए, तब इसे स्प्रे बोतल में भरकर रात में सोने से पहले इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। चावल के पानी को बनाने के लिए आप रात में चावल को भिगोकर रख दें, दूसरे दिन चावल अलग कर इसके पानी को छान ले। ऐसा कर आप आसानी से चावल के पानी को तैयार कर सकती हैं। ध्यान रहे आपको इस टोनर को चेहरे पर 7 मिनट तक ही लगा कर रखना है। उसके बाद आप चेहरे को साफ पानी से धो सकती हैं।

### इन बातें का रखें ध्यान

चेहरे के लिए टोनर का इस्तेमाल करने से पहले आपको रात में सोने से पहले अपने चेहरे को अच्छे से धोकर सूखने के बाद ही टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इस टोनर को आप एक दिन छोड़कर हर दूसरे दिन चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं। टोनर का इस्तेमाल कर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट रख सकती हैं। यही नहीं इससे आपको कुछ दिनों में असर देखने को मिल सकता है।



# डिनर से 2 घंटे पहले पिएं यह टेस्टी स्मूदी



अगर आप वेट लॉस की कोशिश कर रहे हैं और रात में बेहतर नींद लेना चाहते हैं, तो यह स्मूदी आपकी सबसे अच्छी दोस्त बन सकती है। जी हां, अक्सर लोग रात के समय अनहेल्दी स्नैक्स खा लेते हैं, जिससे न सिर्फ वजन बढ़ता है, बल्कि डाइजेशन भी बिगड़ जाता है। ऐसे में, अगर आप डिनर से 2 घंटे पहले यहां बताई टेस्टी और हेल्दी स्मूदी पीते हैं, तो यह आपकी भूख को शांत करेगी, मेटाबॉलिज्म बूस्ट करेगी और बस इतना ही नहीं, इसे रोजाना पीने से आपको नींद भी अच्छी आएगी। आइए जानते हैं।

**सामग्री:** 1 केला (पका हुआ), 1 कप गुनगुना बादाम दूध (या नारियल दूध), 1 छोटा चम्मच चिया सीड्स, 1 छोटा चम्मच अखरोट (कटा हुआ), छोटा चम्मच दालचीनी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच शहद या डेट्स (स्वीटनर के रूप में), कप ग्रीक योगर्ट (अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है), 4-5 बादाम (भिगोए हुए), छोटा चम्मच जायफल पाउडर (बेहतर नींद के लिए), 3-4 आइस क्यूब्स (अगर ठंडी स्मूदी पसंद है)

**बनाने की विधि**

सभी सामग्री को ब्लेंडर में डालें और 1-2 मिनट तक स्मूद ब्लेंड करें। जब तक स्मूदी क्रीमी और एकसार न हो जाए, तब तक इसे अच्छे से मिलाएं। एक ग्लास में डालकर ऊपर से चुटकीभर दालचीनी पाउडर छिड़कें और फिर तुरंत सर्व करके इसका मजा लें।

**वेट लॉस स्मूदी के फायदे**

वजन घटाने में मददगार: यह स्मूदी कम कैलोरी और हाई फाइबर से भरपूर होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है।


बेहतर नींद: इसमें ऐसे तत्व होते हैं जो दिमाग को शांत करते हैं और अच्छी नींद लाने में मदद करते हैं।

डाइजेशन में सुधार: यह स्मूदी पेट को ठंडक देती है और डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाती है।

एनर्जी बूस्टर: यह दिनभर की थकान दूर करने के साथ-साथ शरीर को भरपूर पोषण भी देती है।

# एग्जाम हॉल के प्रेशर को मैनेज करने के तरीके

बच्चों के एग्जाम अब शुरू होने में कुछ ही समय बाकी है। जैसे-जैसे एग्जाम नजदीक आते हैं वैसे ही बच्चों में इसे लेकर स्ट्रेस बढ़ने लगता है। ऐसे में पढ़ाई करना भी बहुत मुश्किल हो जाता है। कक्षा चाहे कोई भी हो लेकिन एग्जाम पास आते ही बच्चे और पेरेंट्स दोनों ही पढ़ाई को लेकर स्ट्रेस में रहते हैं। कोर्स कंप्लीट करने और रिजल्ट को लेकर काफी चिंता रहती है और इसके अलावा एग्जाम के दौरान हॉल में भी ये स्ट्रेस और प्रेशर कम नहीं होता है। एग्जाम हॉल में होने वाले तनाव और प्रेशर से स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस काफी प्रभावित होती है। जिसे कम करना और रिलेक्स फील करना बहुत जरूरी है। आप एक्सपर्ट द्वारा बताए गए इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। इससे एग्जाम हॉल के प्रेशर को मैनेज करने में मदद मिल सकती है।



### एग्जाम से पहले

एग्जाम से एक घंटा पहले पढ़ाई बंद कर दें। एक घंटे में नया आसानी से नहीं सीख पाएंगे, लेकिन अगर आपको कोई टॉपिक ऐसा मिल गया जिसके बारे में आपको नहीं पता, तो ये स्ट्रेस का कारण बन सकता है। वहां पहुंचने के बाद दूसरे स्टूडेंट्स से परीक्षा के बारे में बात न करें।

### एग्जाम के दौरान

एग्जाम देते समय सबसे पहले तो शांति से प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ें और समझें, उस टाइम को मैनेज करें, साथ ही सबसे आसान, छोटे और जो प्रश्न आपको सही से आते हैं उसका उत्तर पहले लिख लें। इससे आपका टाइम वेस्ट नहीं होगा।

### अपने शब्दों में लिखें

मुश्किल प्रश्नों को अपने शब्दों में लिखना भी सही रहेगा, लेकिन आपको सावधान रहना चाहिए कि लिखते समय उसका अर्थ न बदल जाए। अगर प्रश्न ज्यादा मुश्किल लग रहा है, तो आप उसका उत्तर लास्ट में भी लिख सकते हैं। इसके अलावा जैसे आप गणित के किसी प्रश्न हल कर रहे हैं और वो मुश्किल है तो इसे भी दोबारा चेक कर सकते हैं।




### लिखने से पहले

किसी भी प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले आप उसके बारे में विचार करें और उसे सही से लिखें। इससे आपको क्लैरिटी मिल सकती है। इसलिए एग्जाम से पहले एक माइंड मैप बनाएं। मुख्य बिंदुओं को पहचानें और सही शब्दों का उपयोग करें जैसे कि आपको समझाने के लिए उदाहरण भी दे सकते हैं।

### पॉजिटिव विचार

एग्जाम के समय से ही रिजल्ट को लेकर काफी टेंशन होती है, लेकिन इस दौरान आप नेगेटिव विचार को अपने मन में न लाएं। अगर आप एग्जाम के दौरान नकारात्मक रूप से सोचने लगते हैं, जैसे "मैं यह नहीं कर पाऊँगा" या "मैं असफल हो जाऊँगा", तो यह तनाव को बढ़ा सकता है। इसके बजाय, यह सोचें कि आपने पहले ही बहुत मेहनत की है और आप इस परीक्षा को भी अच्छे से दे सकते हैं।

# शरीर में पोषण की कमी नहीं होने देंगी 5 दालें

अगर आपको लगता है कि सिर्फ मांस और अंडे ही शरीर को ताकत और पोषण दे सकते हैं, तो एक बार फिर सोचिए! जी हां, हमारे भारतीय भोजन में ऐसे कई सुपरफूड्स हैं जो सेहत का खजाना हैं। इन्हीं में से एक है 'दाल'यानी हर भारतीय रसोई का अहम हिस्सा। दालें न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती हैं। प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर ये दालें शरीर को मजबूत और एनर्जेटिक बनाए रखने में बड़ा रोल प्ले करती हैं। अगर आप भी हेल्दी रहना चाहते हैं, तो इन 5 देसी दालों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।



### अरहर (तूर) दाल

अरहर की दाल भारतीय घरों में सबसे ज्यादा खाई जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और फोलिक एसिड पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है और पाचन को भी दुरुस्त रखती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए यह दाल बेहद फायदेमंद होती है,क्योंकि इसमें फॉलिक एसिड ज्यादा मात्रा में होता है, जो शरीर की कोशिकाओं के विकास में मदद करता है।

### मूंग दाल

अगर आप हल्का और सुपाच्य खाना चाहते हैं, तो मूंग दाल से बेहतर कुछ नहीं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर होता है। यह वजन घटाने में भी मददगार होती है क्योंकि इसमें कम कैलोरी और ज्यादा पोषण होता है। मूंग दाल पेट के लिए बहुत अच्छी होती है और पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे गैस, एसिडिटी और कब्ज से बचाने में मदद करती है।

### मसूर दाल

मसूर की दाल लाल रंग की होती है और यह दिल की सेहत के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और फोलेट भरपूर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करता है। मसूर दाल खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और शरीर में आयरन की कमी को भी दूर किया जा सकता है।

### चना दाल

चना दाल प्रोटीन और फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होती है,क्योंकि यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने में मदद करती है। इसमें लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स (GI) होता है, जिससे शुगर धीरे-धीरे रिलीज होती है और अचानक ब्लड शुगर नहीं बढ़ता। इसके अलावा, चना दाल वजन घटाने और पाचन सुधारने में भी मददगार होती है।

### उड़द दाल

उड़द की दाल को "शक्ति दाल" भी कहा जाता है,क्योंकि यह शरीर को ताकत देने का काम करती है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। खासतौर पर यह बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि यह हड्डियों को कमजोर होने से बचाती है।

### कैसे करें दालों को डाइट में शामिल?

रोजाना एक कटोरी दाल जरूर खाएं। दाल का सूप या खिचड़ी बनाकर खा सकते हैं। अंकुरित दालों का सेवन करें, इससे पोषण बढ़ जाता है। दालों को सब्जियों के साथ मिलाकर सेवन करें, इससे फाइबर की मात्रा बढ़ती है।



# सलमान खान ने 'बैटल ऑफ गलवान' के शूट से लिया ब्रेक

## लद्दाख में कम ऑक्सीजन लेवल में की थी शूटिंग

सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के लिए लद्दाख गए थे और कुछ ही दिन पहले वापस आए। फिल्म का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है और अब दूसरा शेड्यूल मुंबई में शुरू होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूटिंग अगले हफ्ते से शूटिंग शुरू होनी है, पर सलमान फिलहाल कुछ दिन आराम करेंगे। खबर है कि सलमान स्वास्थ्य संबंधी कुछ तकलीफों से जूझ रहे हैं। 'बैटल ऑफ गलवान' का दूसरा शेड्यूल सबसे महत्वपूर्ण शेड्यूल में से एक होगा, क्योंकि इसमें खूब सारे इमोशनल और एक्शन सीन्स होंगे। डायरेक्टर्स ने इन्हें शूट करने की प्लानिंग कर रहे हैं, पर सलमान पहले आराम करेंगे। हाल ही सलमान लद्दास से वापस लौटे और क्लीन शेव लुक में मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए।

सलमान खान और पूरी टीम ने लद्दाख में 10 डिग्री से भी कम तापमान में शूटिंग की। सलमान ने स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों से जूझते हुए, कम ऑक्सीजन लेवल और खतरनाक स्थिति में शूट किया। सोर्स के मुताबिक, टीम ने कुछ एक्शन और ड्रामेटिक सीन्स की शूटिंग रियल लोकेशन्स पर की है। सलमान को कुछ हेल्थ इशूज हैं और इसलिए वह अभी अगले हफ्ते तक आराप करेंगे और इसके बाद शूट पर लौटेंगे। 'बैटल ऑफ गलवान' का लद्दाख शूट 45 दिनों का था, जिसे रियल लोकेशन पर शूट किया गया। सलमान वहां सेट पर 15 दिन तक रहे। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी 'बैटल ऑफ गलवान' 2020 में गलवान की घाटी में भारतीय और चीनी सेना के बीच हुईं झड़पों पर आधारित है। इसमें किसी हथियार या बंदूक या गोलियों का इस्तेमाल नहीं हुआ था। फिल्म में सलमान बिहार रेजिमेंट के कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभाएंगे, जो इस झड़प में शहीद हो गए थे। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी हैं।

# कल्कि 2898 एडी 2 से बाहर होने के बाद दीपिका ने शेयर की शाहरुख संग फोटो





दीपिका पादुकोण को लेकर कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि वह फिल्म स्पिरिट से बाहर हो गई हैं और अब हाल ही में खबर आई कि वह फिल्म कल्कि 2898 एडी के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं। लेकिन भले ही इन 2 फिल्मों से वह बाहर हो गई हैं, लेकिन किंग फिल्म का वह हिस्सा जरूर हैं जो शाहरुख खान की फिल्म है।

दीपिका ने शाहरुख का हाथ पकड़े फोटो शेयर की है। इस फोटो को शेयर कर दीपिका ने लिखा, 18 साल पहले इन्होंने ओम शांति ओम के दौरान मुझे पहली सीख दी थी वो था फिल्म बनाने का एक्सपीरियंस और जिनके साथ आप बनाते हो वो ज्यादा मैटर करता है सक्सेस से। मैं इस बात को बिल्कुल मानती हूं और इसे मैंने अपने हर फैसले में यूज किया है। यही वजह है कि हम छठी फिल्म को साथ में कर रहे हैं। दीपिका ने शाहरुख को टैग किया है। बता दें कि किंग के जरिए शाहरुख और दीपिका छठी बार साथ काम कर रहे हैं। दोनों की पहली फिल्म ओम शांति ओम थी जो साल 2007 में रिलीज हुई थी। वहीं हाल ही में वैजयंती मूवी ने कन्फर्म किया कि दीपिका अब कल्कि 2898 एडी के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने लिखा, हम ऑफिशियली अनाउंस करते हैं कि दीपिका पादुकोण कल्कि 2898 एडी का हिस्सा नहीं हैं। काफी सोच सम-झकर हमने अलग होने का फैसला किया। पहली फिल्म में इतनी लंबी जर्नी के बाद भी हम पार्टनरशिप नहीं कर पाए। कल्कि 2898 एडी को कमिटमेंट की जरूरत है। हम उन्हें उनके बाकी प्रोजेक्ट्स के लिए शुभकामनाएं देते हैं। किंग की बात करें तो इसमें दीपिका और शाहरुख के अलावा सुहाना खान, अनिल कपूर, अभिषेक बच्चन भी हैं।

# 67 साल के टिम बर्टन का गर्लफ्रेंड संग टूटा रिश्ता


## दो साल बाद हुए अलग, अरबों की संपत्ति के मालिक हैं फिल्ममेकर

फिल्ममेकर टिम बर्टन और इटली की खूबसूरत एक्ट्रेस मोनिका बेलुची पिछले दो साल से रिलेशनशिप में थे। खबर है कि दोनों ने अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। दोनों का कहना है कि 'रिश्ता खत्म हुआ है, लेकिन इज़्ज़त और ख्याल हमेशा रहेगा।' टिम बर्टन और मोनिका बेलुची की पहली मुलाकात साल 2006 में कान फिल्म फेस्टिवल में हुई थी, लेकिन तब कहानी आगे नहीं बढ़ी। उस वक्त दोनों अपने-अपने पार्टनर्स के साथ कमिटेड थे। इसके बाद दोनों साल 2022 में दोबारा मिले और धीरे-धीरे उनकी लव स्टोरी आगे बढ़ी। स्पेन की गलियों से लेकर रोम फिल्म फेस्टिवल तक, दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने लगीं। पर्सनल लाइफ में भले ही टिम का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में उनकी चमक बरकरार है। टिम बर्टन की कुल संपत्ति करीब 100 मिलियन डॉलर (करीब8,809,935,000 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। वह हॉलीवुड की फिल्मों में बड़ा नाम हैं और कई फिल्में डायरेक्ट-प्रोड्यूस कर चुके हैं। टिम बर्टन के पास अथाह संपत्ति है। उनके पास इंग्लैंड और अमेरिका में आलीशान प्रॉपर्टी है। हाल ही उन्होंने अपनी एक ऑक्सफोर्डशायर की प्रॉपर्टी लगभग 50 करोड़ रुपये में बेचने का ऐलान किया है।



# एकतरफा प्यार में हैं अमाल मलिक

## नीलम गिरी के फ्लर्ट पर बोले- उल्लू नहीं...



बिग बॉस 19 का खेल मजेदार होता जा रहा है। अमाल मलिक, जीशान कादरी, नीलम गिरी और तान्या मित्तल के बीच दोस्ती का बॉन्ड नजर आता है। बीते एपिसोड में नीलम गिरी की मस्ती देखने को मिली। वो जीशान कादरी और तान्या मित्तल के साथ बैठी होती हैं। वहां, से अमाल निकलते हैं तो नीलम कहती हैं कि ये अच्छा लगता है, इसी को पटा लें क्या? इस पर जीशान और तान्या हंसने लगते हैं। नीलम फिर अमाल के साथ फ्लर्ट की बात करती हैं, इसपर जीशान कादरी उन्हें बढ़ावा देते नजर आते हैं।

एपिसोड में नीलम अमाल संग फ्लर्ट करती नजर आती हैं। अमाल जैसे ही अंदर से बाहर आते हैं वो दौड़कर जाती हैं और अमाल को गले लगा लेती हैं। इसके बाद अमाल जिम एरिया में जाते हैं, नीलम भी वहां पहुंच जाती हैं। इसके बाद, नीलम अमाल से पूछती हैं कि वो कितना किलो वजन उठा रहे हैं। अमाल कहते हैं पहले 15 का सेट, फिर 25 और फिर थर्ड सेट में 40। इसपर नीलम धीरे से जीशान से कहती हैं मेरा तो 60 किलो उठा ही सकता है। नीलम जिस तरह अमाल से फ्लर्ट करती हैं, उस बारे में तान्या, शहबाज और जीशान की बात होती है। शहबाज कहता है कि नीलम उन लोगों को बोल रही है कि मजाक में फ्लर्ट कर रही हैं, लेकिन उसको सच में प्यार हो गया है। नीलम से जीशान और तान्या इस बारे में पूछते भी हैं कि वो मजाक कर रही हैं या वो सच में अमाल को पसंद करती हैं। इसपर नीलम साफ करती हैं कि वो मजाक कर रही हैं। नीलम के इस मजाक के बीच तान्या अमाल से पूछती हैं कि वो कमिटेड हैं ना? इसपर अमाल कहते हैं कि वो किसी को पसंद करते हैं, कुछ बोला नहीं है। अमाल कहते हैं कि उनकी तरफ से हां, वहां से क्या है देखेंगे। फिलहाल प्यार एक तरफ है। बाद में, जीशान और शहबाज अमाल को बातते हैं कि नीलम उसे पसंद करती है। अमाल ये बात सुनकर हैरान रह जाते हैं। वो कहते हैं कि उसको बोलो ये सब नहीं करे। फिर अमाल कहते हैं कि उन्हें कोई पसंद है, वो किसी को उल्लू नहीं बनाते। अमाल कहते हैं कि वो मुख्य द्वार के बाहर उसका इंतजार कर रही है। इसके बाद, अमाल कहते हैं मजाक में कि लड़की (नीलम) बहुत अच्छी है, लेकिन मैं कुनिका जी का दामाद नहीं बन सकता।

मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की अचानक मौत से फैंस और पूरी म्यूजिक इंडस्ट्री सदमे में है। जुबिन की शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई थी। अब एक वीडियो आया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि जुबिन लाइफ जैकेट के बिना समुद्र में कूदे थे। यह वीडियो जुबिन गर्ग की मौत से कुछ पल पहले का बताया जा रहा है। सिंगापुर पुलिस ने जुबिन गर्ग को समुद्र से बचाया था। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, पर बचाया न जा सका। जुबिन 52 साल के थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें स्कूबा डाइविंग के वक्त सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। वह सिंगापुर नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में परफॉर्म करने गए थे और 20 सितंबर को उनकी परफॉर्मेंस थी। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जुबिन गर्ग समुद्र में जंप करते हुए दिख रहे हैं। वह पानी में खूब इंजॉय कर रहे हैं। वीडियो शेयर करने वाले यूजर ने दावा किया है कि जुबिन पहले लाइफ जैकेट के साथ कूदे थे, फिर वह 1.26 सेकेंड में यॉट पर आ गए और वापस लाइफ जैकेट के बिना कूद गए। लेकिन इस बार वह जिंदा नहीं लौट सके। इस वीडियो को देख फैंस का कलेजा फट गया है। इससे पहले एक और वीडियो आया, जिसमें जुबिन गर्ग रेस्टोरेंट में गाते दिखे।

# जुबिन गर्ग ने लाइफ जैकेट के बिना समुद्र में लगाई थी छलांग?




# 'लगान 2' में इस एक्टर को भुवन के रोल में देखना चाहेंगे आमिर



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इंडस्ट्री के उन सितारों में से हैं जो भले ही साल में कम फिल्में करें, लेकिन जो फिल्में करते हैं वो अपने आप में एक रिकॉर्ड बना देती है। आमिर की एक ऐसी ही फिल्म थी 'लगान'। इस फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड ब्रेक किए, बल्कि कई अवॉर्ड अभी अपने नाम किए। इसी बीच आमिर ने अपने हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया कि अगर 'लगान 2' बनती है तो वो मूवी में अपने यानी भुवन के रोल में किसे देखना पसंद करेंगे।

आमिर खान हाल ही में ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा के फेमस पॉडकास्ट गेम चेंजर: द प्रोड्यूसर सीरीज का हिस्सा बने। इस दौरान कोमल नाहटा ने आमिर से उनकी पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक को लेकर कई सवाल किए। ऐसे में एक रैपिड-फायर राउंड के दौरान, आमिर ने अपने करियर की सबसे यादगार फिल्मों में से एक - लगान की यादों को ताजा किया। ऐसे में जब नाहटा ने पूछा कि अगर आज 'लगान' फिल्म का रीमेक बनाया जाए, तो भुवन के रोल में आप किसे देखना चाहेंगे। इस पर आमिर ने जवाब देने में देर नहीं लगाई। उन्होंने तुरंत विकी कौशल का नाम लिया। आमिर ने कहा, 'मुझे लगता है कि विकी कौशल में भुवन के गुण हैं - गरिमा, शक्ति, आंतरिक शक्ति, स्थिरता और ईमानदारी। उनमें ये सब बहुत स्वाभाविक रूप से झलकता है। वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं।'

# 'शक्ति शालिनी' फिल्म से कौन हुआ बाहर-कौन अंदर?




'सैयारा' की सफलता के बाद अनीत पड्डा लोगों की नजरों में हैं। सब उनके दीवाने हुए जा रहे हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि अनीत ने कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर दिया है। लेकिन किस फिल्म में? अपनी फिल्म 'सैयारा' की सफलता से एक्साइटेड अनीत पड्डा रातोंरात मशहूर हो गईं और उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर लोगों की भी खुशी बढ़ गई। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि वह दिनेश विजन की मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि, अब मेकर्स ने एक आधिकारिक बयान दिया है।

# कटरीना कैफ का बेबी बंप के साथ फोटो वायरल ?

कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की काफी समय से खबरें आ रही हैं। वहीं कटरीना पब्लिक इवेंट्स में भी कम नजर आती हैं जिससे फैंस भी गुड न्यूज का अनुमान लगाते हैं। लेकिन हर बार फिर इन खबरों को सिर्फ अफवाह बताया जाता था। वहीं अब इन सबके बीच कटरीना की एक फोटो वायरल हो रही है जिसके बाद प्रेग्नेंसी की खबरों को और हवा मिल गई। दरअसल, कटरीना की जो फोटो वायरल हो रही हैं वो किसी फोटोशूट की दिख रही है और इसमें बेबी बंप भी नजर आ रहा है। हालांकि यह फोटो रियल है ऐसा एडिटिड इसको लेकर अभी कुछ कन्फर्म नहीं कह सकते।



लेकिन जैसे ही यह फोटो वायरल होने लगी फैंस कटरीना और विकी कौशल को बधाई देने लगे। एक ने कमेंट किया कि मैं चिल्ला रही हूं खुशी से। वहीं एक ने लिखा कि एक पल को मुझे लगा कि ये करीना के प्रेग्नेंसी की थ्रोबैक फोटो है, लेकिन नहीं, बधाई हो। बता दें कि कटरीना के प्रेग्नेंसी की खबरें 30 जुलाई से शुरू हो गई थीं जब उनका एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह फेरी पोर्ट में नजर आई थीं। उस वक्त फैंस ने अनुमान लगाया कि वह प्रेग्नेंट हैं। वहीं इससे पहले एक पोस्ट भी वायरल हुआ था जिसमें लिखा गया कि कटरीना और विकी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट कर रहे हैं। हालांकि बाद में वो पोस्ट फेक निकला था। फिलहाल दोनों की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो विकी लास्ट फिल्म छावा में नजर आए थे जो इसी साल रिलीज हुई थी। वहीं अब वह लव एंड वॉर में नजर आएंगे जिसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी हैं।



# जहीर इकबाल संग इंटरफेथ मैरिज पर सोनाक्षी बोलीं

## धर्म एक ऐसी चीज है जो हमारे बीच...

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल शादी की थी। 8 साल के लंबे रिलेशन के बाद दोनों ने शादी की। दोनों की शादी काफी चर्चा में रही थी क्योंकि दोनों के अलग-अलग धर्म थे। अब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या कभी धर्म दोनों के रिलेशनशिप के बीच आया है तो जानें एक्ट्रेस ने क्या कहा। सोनाक्षी ने कहा कि कुछ ऐसे रिवाज हैं जो उनके परिवार वाले फॉलो करते हैं और कुछ रिवाज हैं जो सोनाक्षी के परिवार वाले फॉलो करते हैं और जहीर के परिवार वाले उनकी रिस्पेक्ट करते हैं। सोनाक्षी ने सोनल कालरा से द राइट एंगल से बात करते हुए कहा, 'हम दोनों के परिवार वाले अलग-अलग कस्टम फॉलो करते हैं। कुछ कस्टम हैं जो मेरे और मेरे परिवार वाले फॉलो करते हैं और उन्हें रिस्पेक्ट करनी चाहिए। वहीं कुछ उनके कस्टम हैं जो वो फॉलो करते हैं और हम उनकी रिस्पेक्ट करते हैं।' सोनाक्षी ने आगे कहा, 'धर्म एक ऐसी चीज है जो कभी हमारे बीच नहीं आएगा। इसको लेकर सवाल ही नहीं, ना कोई लड़ाई ना को चिंता। मुझे लगता है यही सबसे खूबसूरत चीज है। हमारी ताकत ही रि-स्पेक्ट है।' सोनाक्षी ने यह भी बताया कि कैसे उनके पैरेंट्स शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा दिल से जहीर और उनके परिवार की रिस्पेक्ट करते हैं। सोनाक्षी ने कहा, वह 100 प्र-तिशत दमाद हैं। जब जहीर घर आते हैं तो पूरा परिवार उनके आगे-पीछे घूमता है। बोलते हैं जहीर आ रहे हैं, दामाद जी आ रहे हैं। मेरी मां पूछती रहती हैं क्या खाएगा और मेरे पापा उनके साथ टाइम स्पेंड करते हैं। जब मैं कमरे में आती हूं तो दोनों बात करते रहते हैं और मैं अकेले बैठी रहती हूं। जहीर के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर सोनाक्षी ने कहा, 'हम बोलते हैं कि हमें कोई ऐसा चाहिए जिसके साथ हम बड़े हों। लेकिन जहीर जैसे इंसान के साथ रहकर आपको एहसास होता है कि आप अपना बचपना रख सकते हैं। उसी से हं-सी-मजाक बरकरार रहता है।



# नोएडा शहर में डॉयवर्ट रहेगा ट्रैफिक देखभाल कर घर से निकलें

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर में अगले दो दिनों तक ट्रैफिक डॉयवर्जन रहेगा।



नोएडा में दो दिनों तक टट्रैफिक डॉयवर्जन को देखते हुए नोएडा में रहने वाले अपने घरों से निकलने से पहले देखभाल कर निकलें। कहीं ऐसा न हो जाए कि जानकारी के अभाव में नोएडावासी जाम में फंस जाएं।

नोएडा शहर में अगले दो दिनों तक रहने वाले ट्रैफिक डॉयवर्जन के बारे में डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया कि नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा 20.09.2025 व 21.09.2025 को रात्रि 23:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक सेक्टर–71 अन्डरपास मे सिलिंग लाईट लगाये जाने का कार्य किया जायेगा। जिसको देखते हुए डायवर्जन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 20.09.2025 को रात्रि 23:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक पर्थला की ओर से सेक्टर–52/ होशियारपुर की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–71 अन्डरपास के बराबर से होकर बाये टर्न कर सेक्टर–51 मैट्रो स्टेशन के सामने से यू–टर्न लेकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगे। वहीं 21.09.2025 को रात्रि 23:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक सेक्टर–52/ होशियारपुर से पर्थला की ओर जाने वाले वाहन सेक्टर–71 अन्डरपास के बराबर से होकर बाये टर्न कर सेक्टर–71 यू–टर्न से अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगे।



**नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात महिला आरक्षी मधु ने वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप पुणे, 4thनेशनल चैंपियनशिप कटक, 3rd IT नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप नासिक में गोल्ड मेडल व 38वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिला आरक्षी की इस उपलब्धि पर नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने आरक्षी मधु को बधाई दी तथा उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।**

# नोएडा पंजाबी एकता समिति ने लगाया भंडारा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पंजाबी एकता समिति ने 17वां मासिक भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के मुख्य सलाहकार राजन ठुकराल द्वारा की गई।

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता एवं महासचिव नरेंद्र चोपड़ा ने भंडारे में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता ,कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा ,उपाध्यक्ष नवीन सोनी, लीगल एडवाइजर एवं उपाध्यक्ष सुनील मेहता उपाध्यक्ष अतुल सहगल ,बी.के. मेहता ,संजीव सेठ ,हिमांशु मेहता ,दीपक शर्मा, वरुण गिरधर ,पूनम मेहता उर्वशी चाचरा, जयंत मेहता एवं जतिन खन्ना का योगदान विशेष सराहनीय रहा।

# नोएडा के नागरिकों ने उठाई ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार की मांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर के नागरिकों ने नोएडा की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है। नोएडा के नागरिकों ने नोएडा पुलिस कमिश्नरी में डीसीपी ट्रैफिक के पद पर तैनात डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह से मुलाकात करके नोएडा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव की मांग उठाई है। नोएडा पुलिस कमिश्नरी के डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीण रंजन ने नोएडा के नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि जल्दी ही नोएडा की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक सुधार कर दिया जाएगा।

शनिवार 20 सितंबर को नोएडा के नागरिकों ने नोएडा पुलिस कमिश्नरी के डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीण रंजन के साथ मुलाकात की। नोएडा के नागरिकों ने यह मुलाकात नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में सक्रिय सामाजिक संगठन डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एन.पी. सिंह के नेतृत्व में की। एनपी. सिंह ने बताया कि शनिवार को डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीण रंजन के साथ मुलाकात की गई। इस दौरान आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने



नोएडा के सेक्टर–53 की ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या प्रमुखता के साथ उठाई। इसी प्रकार नोएडा शहर के सेक्टर–11 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने सेक्टर–11 की ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या सामने रखी। नोएडा के सेक्टर–41 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनिल खन्ना ने सेक्टर–41 की ट्रैफिक व्यवस्था को उठाया। नोएडा के नागरिकों की समस्या सुनने के बाद डीसीपी ट्रैफिक ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

नोएडा पुलिस कमिश्नरी में तैनात डीसीपी ट्रैफिक के सामने नोएडा की ट्रैफिक समस्या उठाने के वक्त डीडीआरडब्लूय के अध्यक्ष एन पी सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना, वीरेश मलिक, सैक्टर 11 अध्यक्ष अनुज गुप्ता महासचिव दिनेश कृष्णन, सैक्टर 34 से सुरेन्द्र प्रसाद, सैक्टर 33 से विजय रतूडी व अन्य लोग उपस्थित रहे है।

# हर क्षेत्र में आज प्रौद्योगिकी का उपयोग : कृष्णन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई) के तकनीकी सहयोग से रिलायबिलिटी, इन्फोकॉम टेक्नोलॉजिस और ऑप्टीमाइजेशन पर 12वीं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसीआरआईटीओ 2025 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के लिए भारत और विदेशों के लेखकों ने कुल 1266 शोध पत्र प्राप्त हुए जिनमें से केवल 260 को प्रस्तुत किया जायेगा।

उद्घाटन सत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि आज, हर क्षेत्र में अलग–अलग उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इंटरनेट शासन में मानक स्थापित किए जाएं और इसलिए, 5जी और 6जी प्रौद्योगिकियों के लिए दूरसंचार मानक स्थापित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लेने का आग्रह किया, जो फरवरी 2026 में होने वाला है, जो उनके लिए सीखने का एक बड़ा अवसर होगा।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा अशोक कुमार चौहान ने अपने विचार साझा




करते हुए कहा कि एमिटी देश को वैज्ञानिक और आर्थिक विकास की ओर ले जाने वाले भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति जीवन में दृढ़ निश्चयी और केंद्रित है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमारा प्रयास हर छात्र को एक सफलता की कहानी बनाना है जो विकसित भारत 2047 मिशन में योगदान दे सके।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा एस के खत्री, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की निदेशक प्रो. रेखा अग्रवाल ने भी सम्मेलन में अपने विचार रखे।

# मिशन शक्ति हमारी मातृशक्ति को सशक्त करेगा : धीरेन्द्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए चलाए



जा रहे अभियान न केवल उनके सम्मान और सुरक्षा की गारंटी दे रहे हैं, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

इसी कड़ी में जेवर विधानसभा के ग्राम डाढा में स्थित तहसील प्रांगण में मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति, महिलाओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अभियान हमारी मातृशक्ति को हर स्तर पर सशक्त करेगा और उनके सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

जेवर विधायक ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज अधूरा है। उनकी भागीदारी से ही देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिल रही है। मिशन शक्ति जैसे अभियान हमारे गांव, कस्बों और शहरों की महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान के साथ अवसर प्रदान कर रहे हैं। महिलाओं का सम्मान ही राष्ट्र की पहचान है। यदि हमारी मातृशक्ति सुरक्षित होगी, तो देश स्वतः ही प्रगति करेगा।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी अनेक योजनाओं ने महिलाओं को सीधा लाभ पहुंचाया है और उन्हें सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक स्तर पर मजबूती प्रदान की है।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर प्रतीत सिंह चौहान, नायब तहसीलदार श्रीमति ज्योत्सना सिंह, नायब तहसीलदार रामकृष्ण, क्षेत्रीय वनाधिकारी श्रीमति अनामिका, पूर्व मंत्री हरीशचंद भाटी, भाजपा गौतमबुद्धनगर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमति रजनी तोमर, कासना मंडल अध्यक्ष दिनेश भाटी, राकेश भाटी, मनोज भाटी, रविन्द्र नागर, चैनपाल सिंह भाटी, उदयवीर सिंह भाटी, मनोज भाटी, राजू भाटी, कुलदीप शर्मा, सलीम भाटी, नरेन्द्र सिंह भाटी प्रधान जी, ओमवीर सिंह, विकल सिंह, पप्पू शर्मा, अचपाल भाटी आदि सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ साथ विभिन्न लाभार्थी उपस्थित रहे।

# भैंस बांधकर, जनरेटर रखकर ग्रामीणों ने सेक्टर में किया अतिक्रमण

## सेक्टर–51 आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण अधिकारियों के सामने रखीं समस्याएं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर–51 में सेक्टर की समस्याओं के समाधान के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ सेक्टर का दौरा किया तथा सेक्टर में फैली समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

नोएडा प्राधिकरण के सिविल विभाग के डिप्टी जनरल मैनेजर विजय रावल , सीनियर मैनेजर राजकमल और उनकी टीम ने सेक्टर–51 का दौरा किया।

सेक्टर–51 में अन–ऑथराइज टेलीफोन टावर, सेक्टर में अनऑथराइज्ड पीजी और गेस्ट हाउस, पार्क और ग्रीन बेल्ट के चारों ओर इंटरलॉकिंग टाइल, गांव और सेक्टर के बीच में गांव वालों द्वारा गाय और भैंस बांधकर दूध की डायरी, गोबर और जनरेटर रखकर करी गई एंक्रोचमेंट से मुक्ति और सफाई, सेक्टर में बंद पड़े कंप्लीशन के प्लाटों की सफाई और खाली प्लाटों की सफाई, फुटपाथ पर अनॉथ्रोसाइड रेडी पटरी वालों से मुक्ति, सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के पास बने पिंक बूथ के पीछे की जमीन पर पब्लिक शौचालय बनवाने और इंटरलॉकिंग टाइल लगाकर साफ करने के बारे में अधिकारियों को बताया गया।

डिप्टी जनरल मैनेजर विजय रावल द्वारा अपनी टीम और आरडब्ल्यूए 51 की टीम के




साथ पूरे सेक्टर का भ्रमण किया। उन्होंने गांव और सेक्टर के बीच में फैली गंदगी को देखकर तुरंत गंदगी हटवाने के आदेश दिए।

सेक्टरवासियों ने डीजीएम को बताया कि सेक्टर–51, नोएडा के 55 से अधिक निवासियों ने एक सिगनेचर कैंपेन चलकर सेक्टर के एक मकान की छत पर लगे टेलीफोन टावर उसके बेस्टमेंट में चल रहे जिम को हटाने का अनुरोध किया है। डीजीएम ने बताया कि मकान मालिक को तीन नोटिस पहले ही दिए जा चुके हैं अब प्लॉट कैंसिलेशन के लिए कार्रवाई करेंगे।

इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के असिस्टेंट मैनेजर प्रदीप, हेल्थ विभाग के जगपाल चौधरी के अलावा सिविल विभाग की पूरी टीम व आरडब्लूए सेक्टर–51 के अध्यक्ष अनिल प्रकाश, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, महासचिव संजीव कुमार, ए के सरीन, मनीष बवेजा, मनमोहन मारवाह, अनिल वाष्णेय, अरविंद शर्मा, चेतन उप्पल, नीरज कपूर, सहित अन्य सेक्टरवासी मौजूद रहे।

